

श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक

अपनी भाषा अपनी भूमि

# यशोभूमि

मुंबई, ठाणे, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित



3 अब नाला सफाई की जानकारी…

4 अडाणी, अंबानी में पहली बार…

9 राजग और इंडिया गठबंधन के…

12 भारत की सीमाएं पूरी तरह…



वर्ष 29 । अंक 61 । मुंबई, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

पृष्ठ 12 । मूल्य 5.00 रुपए । www.yeshobhumi.com


# महायुति में हुआ सीटों का बंटवारा

## | भाजपा 28 | एकनाथ शिंदे गुट 14 | अजीत पवार गुट 5 |

**मुंबई (एजेंसी), लोकसभा चुनाव को लेकर महायुति के बीच महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर लगभग सहमति बन गई है। हालांकि आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें पर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में 28 सीटों पर बीजेपी चुनाव लड़ने जा रही है। गुरुवार को वह महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे थे और इसके बाद सीएम शिंदे ने उन्हें अपनी पार्टी शिवसेना की सदस्यता दिलाई। इसके बाद अब चर्चा है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।**

जानकारी के मुताबिक, शिंदे की पार्टी गोविंदा को मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट से चुनाव लड़वा सकती है। इस सीट से उद्धव ठाकरे (शिवसेना गुट) की तरफ से अमोल कीर्तिकर को ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर…

## एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने जारी की पहली लिस्ट








## गोविंदा आला रे…

नब्बे के दशक के मशहूर अभिनेता और शानदार हास्य कला व अनोखे नृत्य के लिए चर्चित गोविंदा 14 वर्ष के अंतराल के बाद बृहस्पतिवार को राजनीति में वापसी करते हुए महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो गए। कांग्रेस के पूर्व लोकसभा सदस्य रहे गोविंदा चुनावी मौसम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुए। दशकों लंबे करियर में कई सुपरहिट फिल्म में अभिनय करने वाले गोविंदा ने 2004 के चुनाव में चुनावी राजनीति में धमाकेदार प्रवेश किया था। 'हीरो नंबर 1' के अभिनेता गोविंदा ने उस साल बड़ा ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर…

# यूपी के कुख्यात डॉन मुख्तार अंसारी की मौत

**बांदा। एजेंसी**

काफी लंबे समय से बांदा जेल में बंद चल रहे माफिया मुख्तार अंसारी को गुरुवार की शाम हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुरक्षा को

### मऊ, बांदा और गाजीपुर में 144 लागू

देखते हुए मऊ. बांदा और गाजीपुर में धारा 144 लगा दी गई। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इलाज के दौरान मुख्तार अंसारी ने दम तोड़ दिया। मुख्तार अंसारी की इस सप्ताह दूसरी बार तबीयत बिगड़ी थी। इससे पहले भी उनकी तबीयत खराब हो चुकी थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। चेकअप के बाद वापस जेल भेजा गया था, जहां गुरुवार को एक बार फिर उनकी तबीयत खराब हो गई। डॉक्टरों ने चेकअप के दौरान हार्ट अटैक की बात कही। इसके बाद एंबुलेंस के जरिए उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। मुख्तार की मौत से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मुख्तार की मौत के बाद मेडिकल ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर…



# केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

**नयी दिल्ली। भाषा**

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत बृहस्पतिवार

### एक अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे

को एक अप्रैल तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल की सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने कहा कि उन्हें एक अप्रैल को दिन में 11 बजे अदालत में पेश करना होगा। ईडी ने केजरीवाल को राउज एवेन्यू अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया क्योंकि उनकी छह दिन की वर्तमान हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने हिरासत के लिए नयी अर्जी में कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान पांच दिन तक मुख्यमंत्री के बयान दर्ज किए गए और वह जवाब देने में टालमटोल कर रहे थे। ईडी ने कहा कि हिरासत अवधि के दौरान मामले से संबंधित तीन अन्य व्यक्तियों के बयान भी दर्ज किए गए।



# धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति : मोदी

**नयी दिल्ली। भाषा**

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है। प्रधान न्यायाधीश को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर

### प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा

रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गयी एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, 'दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं।' उन्होंने दावा किया, 'कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं।' आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए गए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह अदालतों के कथित बेहतर अतीत और सुनहरे दौर की झूठी कहानियां बनाता है और इसकी तुलना वर्तमान में होने वाली घटनाओं से करता है। पत्र में दावा किया गया है कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य अदालतों को प्रभावित करना और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें असहज करना है।



**मौसम**

मुंबई 33° 27°

सुर्यास्त शुक्रवार 6.44 बजे
सुर्योदय शनिवार 6.57 बजे

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-चीन ने की वार्ता

**नयी दिल्ली।भाषा,** पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सीमा विवाद के बीच, भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने ताजा दौर की बातचीत की तथा दोनों पक्ष राजनयिक एवं सैन्य माध्यमों से नियमित संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए, हालांकि किसी सफलता का कोई संकेत नहीं मिला। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक में दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से पूरी तरह से सैनिकों को हटाने और शेष मुद्दों को हल करने पर विचार-विमर्श किया।



आज का इफ्तार 6.54

कल की सेहरी 5.11

## एक अप्रैल को नोट बदलने की सुविधा नहीं

**मुंबई। भाषा**

बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर…

# द्वितीय चरण के लिए अधिसूचना जारी

**लखनऊ। प्रतिनिधि**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत उत्तर प्रदेश के आठ निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बृहस्पतिवार को एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ। राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च, 2024 (बृहस्पतिवार) को नामांकन दाखिल करने के लिए अधिसूचना जारी की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (सु),अलीगढ़ तथा मथुरा सीटों पर मतदान होगा।




# भाजपा में शामिल हुए बीजद सांसद महताब



**नयी दिल्ली। भाषा**

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के कटक के सांसद और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में महताब ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कटक लोकसभा ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर…

# महोबा में आमने-सामने हुई टक्कर दो ट्रकों में लगी आग, दोनों चालक मरे

**बांदा (उप्र) ।भाषा**

महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र में कानपुर-सागर राजमार्ग पर चिचारा गांव के नजदीक दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत होने के बाद आग लग गई, इस हादसे में दोनों चालकों की जलकर मौत

### ट्रकों के चालक केबिन में फंस गए

हो गई। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। महोबा जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सत्यम ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि चिचारा गांव के नजदीक बुधवार की रात करीब बारह बजे कानपुर-सागर राजमार्ग पर दो ट्रकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिससे उनमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रकों के चालक केबिन में फंस गए और जलकर उनकी मौत हो गई। उनके अनुसार मृत चालकों की पहचान राजकुमार पाल (28) और विपिन मौर्या (35) के रूप में हुई। एएसपी ने बताया कि दोनों चालकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।



# अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली। भाषा**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और नगालैंड के आठ जिलों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) की अवधि छह और महीने के लिए बढ़ा दी है। मंत्रालय ने इन दोनों पूर्वोत्तर राज्यों में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को 'सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव' के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है।



# आजम खां के करीबी आसिम रजा का नामांकन खारिज

**रामपुर । भाषा**

रामपुर लोकसभा सीट से खुद को समाजवादी पार्टी (सपा) का उम्मीदवार बताकर बुधवार को नामांकन करने वाले आसिम रजा का पर्चा बृहस्पतिवार को जांच के बाद खारिज कर दिया गया।

### नामांकन पत्र जांच में खामियां सामने आई

जिलाधिकारी जोगेन्दर सिंह ने बताया कि आज आसिम रजा का नामांकन पत्र जांच में कुछ खामियां सामने आने पर निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि फार्म ए, बी तथा प्रारूप 2 नहीं होने के चलते नामांकन खारिज हुआ है। रजा सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी माने जाते हैं। वह 2022 में आजम के विधानसभा के लिये चुने जाने के बाद संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने के चलते हुए उपचुनाव में सपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर चुके हैं। हालांकि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घनश्याम लोधी के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था।



# महुआ मोइत्रा ईडी के सामने पेश नहीं हुईं

**कोलकाता। भाषा**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज करते हुए बृहस्पतिवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त रहीं। ईडी ने मोइत्रा को दिल्ली में एजेंसी कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

नादिया के कालियागंज में चुनाव प्रचार के बाद मोइत्रा ने संवाददाताओं से कहा, 'ईडी अपना काम करेगी और मैं अपना काम करूंगी, यानी मुझे अपना चुनाव अभियान जारी रखना है।' टीएमसी की 49 वर्षीय नेता महुआ मोइत्रा को केंद्रीय एजेंसी

### 'ईडी अपना काम करेगी और मैं अपना'

ने पहले भी दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर पेश नहीं हुईं और नोटिस को स्थगित करने की मांग की। मोइत्रा को दिसंबर में 'अनैतिक आचरण' के लिए लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन्हें उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय अन्वेषण एजेंसी (सीबीआई) ने कथित रूप से पैसे लेकर सवाल पूछने के संबंध में शनिवार को टीएमसी नेता के परिसर पर छापा मारा था। इससे कुछ दिन पहले लोकपाल ने सीबीआई को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था।






संक्षिप्त समाचार

## दक्षिण मुंबई में बिजली आपूर्ति ठप

**मुंबई। भाषा** बिजली गुल होने के कारण बृहस्पतिवार रात को दक्षिण मुंबई के कई इलाके अंधेरे में डूब गये। अधिकारियों ने कहा कि बिजली पारेषण में बाधा के कारण महापालिका मार्ग, मरीन लाइन्स और क्रॉफर्ड मार्केट जैसे इलाकों में रात करीब 8:35 बजे बिजली गुल हो गई। उन्होंने कहा कि आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं।

## उप रजिस्ट्रार कार्यालय 31 तक रहेंगे खुले

**मुंबई। प्रतिनिधि** 31 मार्च व्यवसायिक साल का आखरी दिन माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंजीकरण उप महानिरीक्षक, मुंबई डिवीजन ने फैसला लिया है कि आज से (29 मार्च) से 31 मार्च तक कोई छुट्टी नहीं होगी। दरअसल महाराष्ट्र स्टांप ड्यूटी (अभय योजना) से संबंधित कार्यों और वार्षिक बाजार मूल्य दर हर साल 1 अप्रैल को प्रकाशित होती है इस लिए मार्च के महीने में, विलेखों के पंजीकरण के लिए उप-पंजीयक के कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रहती है।

## प.रे.पर रविवार को जम्बो ब्लॉक

**मुंबई। प्रतिनिधि** पश्चिम रेलवे की तरफ से रेलपथ, सिगनलिंग तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव के लिए रविवार, 31 मार्च को चर्चगेट एवं मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच सुबह 10.35 बजे से दोपहर बाद 3 .35 बजे तक अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक रहेगा। ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट एवं मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जायेगा। ब्लॉक के दौरान अप एवं डाउन दिशा की कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

# अवैध निर्माण पर हाई कोर्ट सख्त

**मुंबई। प्रतिनिधि**

बंबई हाई कोर्ट ने अवैध और अनियमित के बीच अंतर बताते हुए स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण को नियमित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। साथ ही, नवी मुंबई नगर निगम

**घनसोली के 4 मंजिली इमारत को ध्वस्त करने का आदेश**

और सिडको को घनसोली में चार मंजिल अवैध इमारत ओम साईं अपार्टमेंट को ध्वस्त करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि कोई भी सिविल कोर्ट इस कार्रवाई के खिलाफ शिकायत करने वालों को राहत न दे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सुपरटेक लिमिटेड की निर्मित बहुमंजिली इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। ऐसा ही मामला घनसोली की बिल्डिंग का है। इमारत में रहने वाले 23 लोगों को छह सप्ताह के भीतर इमारत को खाली कर विध्वंस कार्रवाई शुरू करनी चाहिए, यह देखते हुए कि इस इमारत का निर्माण भी पूरी तरह



से अवैध रूप से किया गया है। इसके बाद जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस कमल खट्टा की पीठ ने यह भी आदेश दिया कि नगर निगम दो सप्ताह के भीतर इमारत को गिरा दें। दिलचस्प बात यह है कि नगर निगम ने 2020 में इमारत को चार बार ध्वस्त किया है, लेकिन, कुछ ही दिनों में इसे दोबारा बना दिया गया। अवैध निर्माण का यह अकेला मामला नहीं है। ऐसे में इस समय हर नगर निगम इस समस्या से जूझ रहा है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ कार्रवाई के तरीके में फर्क है। न्यायालय इस भावुक तर्क का शिकार नहीं हो सकता कि ऐसी अवैध इमारतों में मकान खरीदने वालों ने बैंकों से ऋण लिया है। इस तर्क के आधार पर उनके अधिकारों की रक्षा नहीं की जा सकती। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि वे डेवलपर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अवैध निर्माण को नियमित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एक सामान्य नियम के रूप में, यदि मैट एरिया (एफएसआई) उपलब्ध है या टीडीआर के रूप में अन्य स्रोतों से उत्पन्न किया जा सकता है, तो यह नहीं कहा जा सकता है कि अवैध निर्माण को नियमित किया जाना चाहिए। यह बुनियादी तौर पर अस्वीकार्य है कि पूरी तरह से अवैध निर्माण को केवल जुर्माना लगाकर और अधिक शुल्क लगाकर ही नियमित किया जा

**न्यायालय इस भावुक तर्क का शिकार नहीं हो सकता कि ऐसी अवैध इमारतों में मकान खरीदने वालों ने बैंकों से ऋण लिया है। इस तर्क के आधार पर उनके अधिकारों की रक्षा नहीं की जा सकती।**

सकता है। इमारत को ध्वस्त करने का आदेश देते हुए, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण के नियमितीकरण की अनुमति देने वाले विशेषाधिकार का प्रयोग मौजूदा कानूनों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है।

# 63 हाउसिंग सोसायटियों में पहली बार बनेंगे मतदान केन्द्र

**मुंबई। यशोडेस्क**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने कुछ हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र खोलने का फैसला किया है। इस संबंध में,

**85 साल से अधिक उम्र के मतदाता घर बैठे दे सकेंगे वोट**

अधिकारियों ने 63 बड़ी हाउसिंग सोसाइटियों में मतदान केंद्रों के निर्माण को अंतिम रूप दे दिया है। चुनाव आयोग की अनुमति के बाद ही वहां मतदान केंद्र बनाये जायेंगे। इसलिए इन सोसाइटियों के निवासी घर बैठे ही मतदान कर सकेंगे। इसके साथ ही इस साल पहली बार 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से वोट देने की सुविधा दी जाएगी।

इसके अनुसार कर्मचारी संबंधित मतदाताओं के घर जाकर उनसे पूछताछ कर रहे हैं। बतादें कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में नागरिक भाग ले सकें, इसके लिए चुनाव आयोग विभिन्न योजनाएं बना रहा है। हाउसिंग सोसाइटियों में मतदान केंद्र को अंतिम रूप देते



समय सुरक्षा के सभी मानदंड, उस सोसायटी में मतदाताओं की संख्या और मतदान केंद्र के साथ-साथ मतदाताओं के लिए उपलब्ध उचित स्थान को देखकर मतदान केंद्रों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कहीं भी मतदान केंद्र बनाने की बाध्यता नहीं है। वहां के निवासियों से बातचीत के बाद ही केंद्रों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतदाताओं के लिए मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। शहर की 63 हाउसिंग सोसायटियों में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। यह पहली बार है कि हाउसिंग सोसायटी में इस तरह से मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केंद्र स्थापित करते समय सुरक्षा, पर्याप्त जगह, मतदाताओं की सुविधा जैसे विभिन्न मानदंडों को देखा गया है। अधिक नागरिक मतदान कर सकें, इसके लिए ऐसी सुविधा प्रदान की जा रही है। इस साल पहली बार 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से वोट देने की सुविधा दी जाएगी। इसके अनुसार वे संबंधित मतदाताओं के घर जाकर उनसे पूछताछ कर रहे हैं।

# स्वातंत्र्यवीर सावरकर फिल्म दिखा लोगों में जगाया राष्ट्रभक्ति का अलख

**ठाणे। प्रतिनिधि**

अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए अनगिनत लोगों ने त्याग और बलिदान दी जिसके बाद जाकर हमें आजादी मिली और इसी से लोगों को अवगत कराने और लोगों में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने और



जनजागृति करने के लिए जय परशुराम सेना फाउंडेशन की ओर से स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर बनी फिल्म लोगों को निःशुल्क दिखाई गई। इस मौके पर सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी संजय धुमाल ने अपने साथियों के साथ सभी लोगों का स्वागत कर आयोजन की सराहना की है। भाजपा राष्ट्रीय परिषद के पूर्व सदस्य एवं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा



के मार्गदर्शन में वरिष्ठ समाजसेवी एड. बी. एल. शर्मा की स्मृति में दिखाई गई फिल्म के दर्शकों का राजेश रावल, कपूर रामावत, लक्ष्मीकांत मूंदड़ा ने स्वागत किया। पूर्व उपमहापौर एड. सुभाष काले, भाजपा ठाणे शहर महिला आघाड़ी की पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नगरसेविका मृणाल पेंडसे, एड. सुभाष काले, आशीष शुक्ला, सुमन शर्मा, रमा गौर, मनोज जैन, संजय इंदौरिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। फिल्म देखने के दौरान राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत श्रोताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया।

## प.रे की स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**मुंबई। प्रतिनिधि**

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित करने का निर्णय किया है। इसके अनुसार ट्रेन संख्या 09051 मुंबई सेंट्रल-भुसावल स्पेशल जिसे पहले 30 अप्रैल, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, उसे अब 30 जून, 2024 तक विस्तारित कर दिया गया है। इसी तरह ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-मुंबई सेंट्रल स्पेशल जिसे पहले 1 मई, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, उसे अब 1 जुलाई, 2024 तक विस्तारित कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 09324 इंदौर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल जिसे पहले 24 अप्रैल, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, उसे अब 26 जून, 2024 तक विस्तारित कर दिया गया है।




ठाणे में गणेश संकष्टी के अवसर पर प. पू. स्वानंद बाबा समाधि पर गजमुख छवि का गुरुवारीय पुष्प श्रृंगार किया गया। यह सजावट धीरज मिश्र ने की है।

# बायोमेडिकल कचरे को लेकर एमपीसीबी का सख्त निर्देश

**मुंबई। यशोडेस्क**

आईआईटी मुंबई की मदद से महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक संयुक्त निरीक्षण

**1 अप्रैल से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के बड़े पैमाने पर उल्लंघन का खुलासा हुआ है। इस पृष्ठभूमि में बोर्ड ने इस कचरे के प्रबंधन को लेकर सख्त दिशानिर्देश जारी किये हैं और एक अप्रैल से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य भर में बायोमेडिकल कचरे के उचित प्रबंधन के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसी के तहत हाल ही में राज्य भर के सामूहिक बायोमेडिकल प्रबंधन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। आईआईटी मुंबई ने यह निरीक्षण कर रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कुछ अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 का ठीक से पालन नहीं कर रहे हैं। अधिनियम के तहत अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल कचरे को अलग करने, उचित भंडारण और बारकोडिंग की आवश्यकता है। हालांकि, कलेक्टिव बायोमेडिकल मैनेजमेंट के निदेशक ने आईआईटी मुंबई को बताया कि ऐसा नहीं हो रहा है।

# नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए-जिलाधिकारी बोडके

**पालघर। प्रतिनिध**

लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है जिसके अनुसार आगामी 20 मई को जिले में मतदान होगा। जिले के जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने पालघर लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि देश के सभी नागरिकों को अपने संवैधानिक अधिकार मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। बताया जाता है कि पालघर जिला मुख्यालय के समीपवर्ती स.तु. कदम विद्यालय में स्वीप गतिविधि के तहत छात्रों ने मतदाता जागरूकता, लोकतंत्र में भागीदारी और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मानव रंगोली (150 फीट ७ 130 फीट) में देश का नक्शा बनाया। यह




मानचित्र लगभग 700 छात्रों की भागीदारी से बनाया गया था। इस विशेष अभियान में विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। उस समय कलेक्टर गोविंद बोडके बोल रहे थे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा सोमानी, डिप्टी कलेक्टर (रोह्यो) विजया जाधव, तहसीलदार रमेश शेंडगे, जीवन विकास संस्थान के कार्यकारी निदेशक वाघेश कदम और बोईसर पालघर परिक्षेत्र स्थित कॉलेज के प्राचार्य, छात्र, पत्रकार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मध्य रेल सेवा बाधित

**कल्याण। प्रतिनिधि**

कल्याण व ठाकुर्ली के बीच मुंबई से कल्याण के दिशा में जाने वाली ट्रेन के पेंटाग्राफ ओवरहेड वायर में फंस जाने के कारण वायर टूट गया जिससे लगभग एक घन्टे तक ट्रेन अटकी रही। इस समस्या के कारण मुंबई से कल्याण की दिशा में जाने वाली लोकल ट्रेनें बाधित हुई और यात्रियों को भी तकलीफ उठानी पड़ी। लगभग एक से सवा घंटे के मरम्मत के काम के बाद ट्रेन सेवा सुचारु हो सकी। इस समस्या के चलते फ़ास्ट ट्रैक पर चलने वाली गाड़ियां प्रभावित हुईं। इस संबन्ध में रेलवे विभाग के जनसंपर्क अधिकारी अनूप जैन ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के दरम्यान यह समस्या हुई और वह खाली लोकल थी जो कल्याण साइडिंग के लिए जा रही थी।

# फटका मारने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**कल्याण। प्रतिनिधि**

चलती ट्रेन में सेल्फी निकालते समय एक चोर द्वारा फटका मारने का वीडियो मोबाइल में कैद हो गया। मोबाइल में कैद वीडियो वायरल होते ही कल्याण रेलवे पुलिस ने उल्हासनगर के रहने वाले आकाश गायकवाड़ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर के पास से चोरी का एक मोबाइल बरामद हुआ। बरामद मोबाइल एक मृतक व्यक्ति का था जो कि ट्रेन हादसे में उसकी मौत हुई थी। गिरफ्तार चोर को कोर्ट ने 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

**30 मार्च तक पुलिस हिरासत में**

पुलिस से मिली जनाकरी के अनुसार वालधुनी ब्रिज से विठ्ठलवाड़ी स्टेशन के बीच जाहिद जैती नामक व्यक्ति इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था और अपने मोबाइल में ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा होकर वीडियो बना रहा था।




# मुंबई-गोरखपुर के बीच चलेगी शिक्षक विशेष ट्रेन

**मुंबई। प्रतिनिधि**

मध्य रेल ने गर्मियों के अवकाश में होने वाले यात्रियों

**मुंबई से 2 मई को होगी रवाना**

की भीड़ के दौरान दादर और गोरखपुर के बीच शिक्षकों के लिए 2 पूरी तरह से आरक्षित विशेष ट्रेन सेवा चलाने का निर्णय लिया है इसके अनुसार ट्रेन संख्या -01101 शिक्षक विशेष ट्रेन 2 मई 2024 को दोपहर बाद 2 .5 बजे दादर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन रात 2.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या-01102 शिक्षक विशेष ट्रेन 10 जून 2024 को दोपहर बाद 2 .25 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 3.30 बजे दादर पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में उक्त शिक्षक विशेष ट्रेन कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, हरदा, इटारसी, रानी कमलापति , बीना, ललितपुर, टीकमगढ़, खरगापुर, महाराज छत्रसाल स्टेशन छतरपुर, खजुराहो, महोबा, बांदा, चित्रकुटधाम कर्वी, मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औरिहार, मऊ, भटनी, देवरिया सदर स्टेशनों पर रुकेगी।

# सरकारी संस्थानों का साढ़े 8 करोड़ बिजली बिल बकाया

**वसई। प्रतिनिधि**

वसई-विरार शहर के सरकारी अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, स्कूलों, सार्वजनिक सेवाओं पर

**महावितरण को वित्तीय झटका**

लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये का बिजली भुगतान बकाया है। इसका आर्थिक असर महावितरण पर पड़ना शुरू हो गया है। वसई-विरार में बिजली की आपूर्ति वसई मंडल के अंतर्गत की जाती है। इसमें आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकारी अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों, स्कूलों, सार्वजनिक सेवाओं जैसे नगर निगम ग्राम पंचायत जल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट और अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। जिसे देखते हुए मार्च के अंत से, महावितरण ने बिजली भुगतान का बकाया वसूलना शुरू कर दिया है। वसई मंडल में, 44 करोड़ का बकाया है। महावितरण ने जानकारी दी है कि उस राशि में से साढ़े आठ करोड़ रुपये सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक सेवाओं के लिए हैं। इसमें सरकारी और सार्वजनिक सेवा के 45 पुलिस स्टेशन शामिल हैं, 239 स्कूल, 26 अस्पताल, 221 नगरपालिका जल आपूर्ति, 800 नगरपालिका स्ट्रीट लाइट, 25 ग्राम पंचायत जल आपूर्ति, 80 ग्राम पंचायत स्ट्रीट लाइट, 590 अन्य, कुल 2 हजार 26 उपभोक्ताओं पर 8 करोड़ 48 रुपए बकाया हैं। बड़ी मात्रा में बिजली भुगतान बकाया होने के कारण इसका वित्तीय असर महावितरण पर पड़ने लगा है। इसलिए महावितरण के सामने इस बकाया राशि की वसूली की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। महावितरण ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली भुगतान नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। वसई और विरार डिविजन को मिलाकर वसई मंडल के 92 हजार 427 उपभोक्ताओं पर 44 करोड़ 95 लाख रुपए का बिजली भुगतान बकाया है। महावितरण के अधिकारियों ने कहा है कि हम उन लोगों की बिजली आपूर्ति काट देंगे जो अपने बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

**ऐसी है बकाया रकम**

- पुलिस स्टेशन- 22 लाख 46 हजार
- स्कूल- 28 लाख 66 हजार
- अस्पताल- 2 लाख 89 हजार
- नगर निगम जलापूर्ति- 69 लाख 93 हजार
- नगर निगम स्ट्रीट लाइट- 3 करोड़ 84 लाख
- ग्राम पंचायत जलप्रदाय- 15 लाख 73 हजार
- ग्राम पंचायत स्ट्रीट लाइट- 1 करोड़ 46 लाख
- अन्य सरकारी सेवाएं - 1 करोड़ 72 लाख
- ग्राहकों का 44 करोड़ बकाया है।

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

**क्रमसंख्या–1. कार्य का नाम:** ए) कल्याण स्टेशन (पीआरएस कार्यालय से रेलवे कोर्ट तक) और कल्याण में कोलसेवाडी कॉलोनी (1.35 किमी) के पश्चिम की ओर चारदीवारी का सुधार। ख) कल्याण (2.90 किमी) में गेट 41 कॉलोनी और वालधुनी कॉलोनी में चारदीवारी का निर्माण। बी) एआरटी/स्पार्ट के लिए दोनों तरफ कंक्रीट का रास्ता। **लगभग मूल्य रू में:** 362.14 लाख। **बयाना राशि रू में:** 331100 **समापन अवधि:** 365 दिन। **क्रमसंख्या–2. कार्य का नाम:** क) कलवा – कलवा कॉलोनी आरबीआई/ए और बी तथा आरबी/आई/सी और आरबी/द्वितीय/सी (80 इकाइयों) का सुधार और पुनर्वास। ख) कलवा कार शेड में एएमएम स्टोर डिपो में एएमएम स्टोर, शेड ओवर लोडिंग प्लेटफॉर्म आदि के चारों ओर सुरक्षा चारदीवारी का सुधार और प्रावधान। **लगभग मूल्य रू में:** 583.47 लाख **बयाना राशि रू में:** 441700 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या– 3. कार्य का नाम:** A) डोंबिवली (SG 1) - CSMT के अंत में PF 5 के कवर न किए गए हिस्से पर COP का प्रावधान और PF 3/4 पर COP में सुधार। ख) डोंबिवली (एसजी 1) –क) 12 और 15 कार सवारी डिब्बों के ईएमयू के सामान्य ठहराव के कारण कल्याण छोर की ओर पीएफ 1ए और 3/4 पर नई सीढ़ियों का प्रावधान। ख) पीएफ 3/4 के प्लेटफार्म सरफेसिंग में सुधार। ख) पीएफ 3/4 के प्लेटफार्म सरफेसिंग में सुधार। **लगभग मूल्य रू में:** 743.46 लाख। **बयाना राशि रू में:** 517200 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या– 4. कार्य का नाम:** टीबीटीआर (एच बीम स्लीपर के साथ चैनल स्लीपर) – एडीएन (एम) मानखुर्द सेक्शन के तहत 2236 नग। **लगभग मूल्य रू में:** 841.86 लाख। **बयाना राशि रू में:** 570900 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या– 6. कार्य का नाम:** कल्याण – एडीईएन (वर्क्स) कल्याण के तहत सेवा भवन की विविध मरम्मत और रखरखाव।। **लगभग मूल्य:** रू 73.38 लाख। **बयाना राशि रू में:** 146800 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या–7. कार्य का नाम:** ए) पंप सेट 9 नग (आरयूबी): – 70/2, 74/1, 81/2, 83/3, (4 संख्या), सुरंग संख्या 2, सुरंग 1 (1 संख्या), काटने का स्थान –88/700, 93/500 (2 संख्या) 2 साल के लिए एडीएन (टी) कल्याण खंड के तहत पनवेल–कर्जत खंड में। ख) कल्याण–कर्जत खंड में 13 पंप प्रदान करना, अंबरनाथ यार्ड (02), बुदलापुर यार्ड (3 संख्या), लेवल क्रॉसिंग नंबर 09 (02 नंबर), वांगनी यार्ड (01 संख्या), आरयूबी किमी 86/23–25 में (01 नंबर) और 03 पंप प्रदान करना लेवल एक्सिंग नंबर 15 (01 नंबर) पर और एडेन (टी) कल्याण के तहत पनवेल–कर्जत सेक्शन में एमएचपीई यार्ड (01 नंबर),। **लगभग मूल्य:** रू 80.16 लाख। **बयाना राशि रू में:** 160300 **समापन अवधि:** 9 महीने। **क्रमसंख्या–8. कार्य का नाम:** कल्याण–लोनावाला घाट खंड में मानसून के दौरान रेलवे के पैट्रोलमैन, कीमैन और एसडब्ल्यूएम के साथी की तैनाती। **लगभग मूल्य:** रू 321.33 लाख। **बयाना राशि रू में:** 310700 **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या– 9. कार्य का नाम:** ट्रैक साइड वनस्पति की सफाई, छोटे पेड़ों, पौधों, झाड़ियों को हटाना और निपटाना और कल्याण–कर्जत, कर्जत–पनवेल और नेरल–माथेरान खंड में अन्य खरपतवार और बड़े पेड़ों की कटाई एडीईएन (टी) कल्याण के तहत। **लगभग मूल्य:** रू 44.23 लाख। **बयाना राशि रू में:** 88500 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या–10. कार्य का नाम:** कर्जत–खोपोली 60 से 105 किमी प्रति घंटे (3.00 किमी) की गति बढ़ाने के लिए अतिक्रमण से बचने के लिए कर्जत–खोपोली खंड में चारदीवारी का प्रावधान। **लगभग मूल्य:** रू 198.94 लाख। **बयाना राशि रू में:** 249500 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या–11. कार्य का नाम:** ट्रैक साइड वनस्पति की सफाई और छोटे पेड़ों और पौधों, लता, झाड़ियों, पार्थेनियम, बेश्राम और अन्य खरपतवारों को हटाने और निपटान को एडीईएन (N) लोनावाला खंड के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए। **लगभग मूल्य:** रू 89.75 लाख। **बयाना राशि रू में:** 179500 **समापन अवधि:** 12 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1,2,3 और 4 दिनांक 19.04.2024, क्र.6,7,8,9 और 10 दिनांक 22.04.2024, क्र.11 दिनांक 23.04.2024 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतु अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा । **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क: मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन: 022–67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9. 2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमट मुंबई–400001 के **"नोटिस बोर्ड"** पर भी उपलब्ध है। **खुली ई–निवीदा सूचना सं–मरे/मंरेप्र(कार्य) बीबी/2024/07 दिनांक–27.03.2024.**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे 1016

## संक्षिप्त समाचार

### फल बिक्री सेस चोरों पर एपीएमसी की नजर

**नवी मुंबई। प्रतिनिधि,** एपीएमसी प्रशासन अब उन लोगों पर नजर रखेगा जो कम कीमत पर फल बेचने की बात करके सेस की चोरी करते हैं। खासकर अब, जब आम की बिक्री में गड़बड़ी की कई शिकायतें आ रही हैं, तो प्रशासन ने यह अनिवार्य कर दिया है कि आम की जाति का है इसका उल्लेख करना जरूरी है। कृषि उत्पादन बाजार समिति का कहना है कि फल बाजार में बाजार मूल्य से कम कीमत पर फलों की बिक्री दिखाकर सेस का घोटाला किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें एपीएमसी प्रशासन को इस संबंध में मिली हैं। इसकी पुष्टि करने के बाद एपीएमसी प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

### गोखले पुल के लिए योजना तैयार करेगी मनपा


**मुंबई। यशोडेस्क,** अंधेरी में गोखले पुल और सी. डी. बर्फीवाला पुल में ऊंचाई के अंतर को दूर करने के लिए पुल को तोड़ने की जरूरत नहीं है। वीजेटीआई ने मुंबई महापालिका को 15 पन्नों की एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें एक महत्वपूर्ण सिफारिश की गई है कि पुल के स्लैब को जैक नामक विशेष इंजीनियरिंग तकनीक के आधार पर उठाया जा सकता है। इसी के तहत अब महापालिका ने अपना प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। वीजेटीआई की कौन सी सिफारिशें लागू की जानी चाहिए? किस तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए? नई टेंडर प्रक्रिया लागू की जाए या पुराने ठेकेदार से काम लिया जाए जैसे सुझाव महापालिका के लिए मार्गदर्शक होंगे।

### विस्फोटक सामग्री और साहित्य बरामद

**गढ़चिरौली। भाषा,** गढ़चिरौली में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने जिलेटिन की कई छड़ें, तार, बैटरी और माओवादी साहित्य बरामद किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि सुरक्षाबलों को महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बुधवार को भुमकन गांव के पास तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि 'छत्तीसगढ़ के कसनसुर चटगांव दलम और औंधी दलम' के सशस्त्र कैडर आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इलाके में डेरा डाले हुए हैं।

# अब नाला सफाई की जानकारी मिलेगी मोबाईल फोन पर





**घर बैठे मिलेगी शिकायत करने की सुविधा**

**मुंबई। यशोडेस्क**

सोशल मीडिया पर अक्सर महापालिका की नाले की सफाई की आलोचना होती रहती है, इसलिए महापालिका ने नाला सफाई डैशबोर्ड बनाया है ताकि मुंबईकरों को मोबाइल पर इसकी जानकारी मिल सके। यह डैशबोर्ड 1 अप्रैल से लॉन्च किया जाएगा। इस डैशबोर्ड पर नागरिक नाली सफाई की शिकायत भी कर सकेंगे। डैशबोर्ड पर नाले की तस्वीर लगी तो होगी त्वरित कार्रवाई।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष नाला सफाई का काम करीब दो से तीन सप्ताह देर से यानी 23 मार्च से शुरू हुआ है। अब तक छोटे-बड़े नालों का पांच प्रतिशत और मीठी नदी का 35 प्रतिशत कीचड़ निकाला जा चुका है। मुंबई में सड़कों, जल निकासी क्षेत्रों, मिट्टी, कचरा, गाद के किनारे छोटे नाले, बड़े नाले और बरसाती नाले कई बार जलभराव का कारण बनते हैं। लेकिन क्योंकि कुछ छोटे नाले समुद्र के ज्वारीय क्षेत्र में आते हैं, इसलिए पानी की निकासी न करके गाद जमा हो जाती है और भारी बारिश के दौरान इन नालों का पानी शहर में जमा हो जाता है। इसलिए महापालिका बरसात से पहले नालों की सफाई कराती है। हर साल मार्च की शुरूआत में नालों की सफाई शुरू कर दी जाती है। लेकिन इस वर्ष लिखित कार्यादेश देर से मिलने के कारण काम हाल ही में शुरू हुआ है। इस पृष्ठभूमि में, यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या 31 मई के अंत तक 75 प्रतिशत नालों की सफाई हो जाएगी।

महापालिका की शर्तों के अनुसार, कीचड़ को हटाने, भंडारण, परिवहन और निपटान के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा। ठेकेदार को निकाले गए कीचड़ के वजन के अनुसार भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा ठेकेदार के काम पर नजर रखी जाएगी।

| मुंबई में नालों की स्थिति | |
|---|---|
| छोटे नाले 1,508 (लंबाई 605 किमी ) | |
| प्रमुख नाले 309 (लंबाई 290 कि.मी.) | |
| मीठी नदी 11 कि.मी | |
| सड़क के किनारे नाले 1,380 | |
| कुल हटाया जाने वाला कीचड़ | 13 लाख 10 हजार 151 मीट्रिक टन |
| 31 मई 2024 से पहले | 10 लाख 22 हजार 121 मीट्रिक टन |
| 31 सितंबर से पहले | 1 लाख 57 हजार मीट्रिक टन |
| 25 मार्च 2025 | 1 लाख 31 हजार |

# अटल सेतु पर बेस्ट ने कमाया 13 दिन में एक लाख रुपए

**मुंबई। यशोडेस्क**

दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई को जोड़ने वाले बेलापुर से अटल सेतु (मुंबई ट्रांस हार्बर) के माध्यम से कोलाबा तक बेस्ट उपक्रम की बस सेवा 14 मार्च से शुरू की गई है, लेकिन सिर्फ 13 दिनों में यानी 26 मार्च तक बेस्ट ने इस बस सेवा से 1 लाख 4 हजार 612 रुपये की कमाई कर ली है। यानी प्रतिदिन औसतन 7 हजार 472 रुपए की आय बेस्ट प्रशासन को प्राप्त हुई है। बेस्ट सेवा अटल सेतु (मुंबई ट्रांस हार्बर) से शुरू हो गई है। इसने बेस्ट उपक्रम के लिए आय का एक नया स्रोत तैयार किया है। अगर इस बस सेवा को बेहतर रिस्पॉन्स मिला तो संभावना है कि बसों की संख्या और रूट बढ़ाए जाएंगे। बेस्ट उपक्रम द्वारा 14 मार्च से अटल सेतु से 'यात्री बस परिवहन' शुरू की गई। लेकिन इस रूट से यात्रा करने के लिए हर यात्री को कम से कम 50 रुपए से 225 रुपए तक चुकाने पड़ते हैं। बेस्ट उपक्रम ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कोलाबा कोंकण भवन, सीबीडी बेलापुर के बीच ऐप आधारित एसी प्रीमियम बस बस रूट संख्या एस-145 लॉन्च की है। ऐसे में इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है। बेस्ट उपक्रम ने सुबह सीबीडी बेलापुर से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कोलाबा तक और शाम को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से सीबीडी बेलापुर तक दैनिक बस सेवा शुरू की है। इस बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को पूरी यात्रा के लिए न्यूनतम टिकट मूल्य 50 रुपए से 225 रुपए तक चुकाना होगा। साथ ही कोंकण भवन सीबीडी बेलापुर से पहली बस सुबह 7.30 बजे और दूसरी बस सुबह 8 बजे निकलती है। साथ ही वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से पहली बस शाम 5.30 बजे और दूसरी बस शाम 6 बजे निकलती है। इस बस रूट पर बसें सोमवार से शनिवार तक चलती हैं और 14 से 26 मार्च तक 13 दिनों में बेस्ट उपक्रम ने 1 लाख 4 हजार 612 रुपये की कमाई की है।



**कम से कम 50 रुपए से 225 रुपए तक चुकाने पड़ते हैं**



# उत्तर पुस्तिका न दिखाने पर तीन सहपाठियों ने छात्र पर चाकू से किया हमला



**ठाणे। भाषा**

ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में दसवीं कक्षा की लिखित परीक्षा के दौरान उत्तर-पुस्तिका न दिखाने पर तीन छात्रों ने अपने सहपाठी पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को विद्यालय में परीक्षा के बाद यह घटना हुई। घायल छात्र को इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'परीक्षा के दौरान पीड़ित छात्र ने आरोपी छात्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका दिखाने से इनकार कर दिया था। इससे गुस्साए तीन छात्रों ने परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते ही उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। उन्होंने उस पर चाकू से भी हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।' उन्होंने कहा कि बाद में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। तीन नाबालिग आरोपियों के खिलाफ भिवंडी के शांति नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 324 (जानबूझकर खतरनाक हथियार या अन्य साधनों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**तीन नाबालिग आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

## नवी मुंबई में वेटर की चाकू घोंपकर हत्या

**ठाणे। भाषा**

नवी मुंबई के वाशी में बृहस्पतिवार को एक वेटर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाशी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर भाटे ने कहा कि स्थानीय होटल में काम करने वाला मुकेश मंटू यादव (26) अपना काम खत्म होने के बाद एक 'बस स्टॉप' पर प्रतीक्षा कर रहा था कि इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उससे बैग छीनने का प्रयास किया।

# सायन पुल तोड़ने का काम चौथी बार आगे बढ़ा

**मुंबई। यशोडेस्क**

सायन में रेलवे पुल को तोड़ने का काम अब अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है। ऐसे में मुंबईकरों को राहत मिलेगी क्योंकि आज 28 मार्च से बंद होने वाला यह पुल यातायात के लिए खुला रहेगा। इस बीच रेलवे ने इस पुल को तोड़ने की तारीख चौथी बार टाल दी है। मध्य रेलवे की पांचवीं और छठीं लाइन के साथ ही सायन पुल का काम भी बेहद पुराना और मुश्किल भरा है। इसलिए इसे तोड़कर उसकी जगह नया पुल बनाया जाएगा। इसके लिए मध्य रेलवे और महापालिका मिलकर काम करेंगे। पुल को तोड़ने की कार्रवाई 20 जनवरी को होनी थी। लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के बाद काम स्थगित कर दिया गया। पहले यह निर्णय लिया गया था कि काम 28 फरवरी को शुरू किया जाएगा, परीक्षा सत्र के दौरान इस पुल को तोड़ने से बचने के लिए फिर से 28 मार्च की नई तारीख दी गई। हालांकि, अब एक बार फिर 28 मार्च से शुरू होने वाला काम स्थगित कर दिया गया है।

**यातायात रहेगा जारी**

## लोकल ट्रेन से गिरकर पुलिसकर्मी की मौत

**डोंबिवली। प्रतिनिधि**

मध्य रेलवे के दिवा-कोपर रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार को लोकल से गिरकर एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। चूंकि लोकल कोच यात्रियों से भरा हुआ था, इसलिए मृत पुलिसकर्मी लोकल कोच के दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहा था। जैसे ही लोकल कोपर रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी, पुलिसकर्मी अपना संतुलन खो बैठा और ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान रोहित रमेश किल्जे (25) के रूप में हुई है। वह डोंबिवली में रहते थे।

## मोटरमैन ने बचाई यात्री की जान

**मुंबई। यशोडेस्क**

पश्चिम रेलवे के बांद्रा स्टेशन के पास एक युवक ने रेलवे ट्रैक पर सोकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि, ट्रेन के मोटरमैन ने आपातकालीन ब्रेक दबाया और आत्महत्या करने वाले 25 वर्षीय युवक की जान बचा ली। इसके बाद आरपीएफ जवान ने तुरंत युवक को रेलवे ट्रैक से हटाया और लोकल रूट खुलवाया। चर्चगेट-विरार रविवार रात 9.22 बजे की फास्ट लोकल मोटरमैन हरीश ठाकुर चला रहे थे। रात करीब 9.44 बजे जैसे ही लोकल बांद्रा स्टेशन से गुजरी, ठाकुर ने देखा कि एक युवक रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक पर लेटा हुआ है, इसी दौरान उन्होंने हॉर्न बजाया और युवक को किनारे हटने की चेतावनी दी, लेकिन युवक टस से मस नहीं हुआ तो मोटरमैन ठाकुर ने ट्रेन रोकी और कंट्रोल रूम से संपर्क किया।

**आत्महत्या करने की कोशिश**

## हत्यारोपी गिरफ्तार

**पनवेल। प्रतिनिधि**

एक दिलदहला देने वाली खबर सामने आई है जहां एक 12 वर्षीय बच्चा जो मूकबधिर था उसके साथ पहले घिनौना करतूत की और उसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया। मृत बच्चे का शव मुंब्रा-पनवेल राजमार्ग के किनारे किरवाली गांव के एक तालाब के बगल में पाया गया। इस मामले में नवी मुंबई पुलिस बल के आपराधिक जांच विभाग की पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर इस हत्याकांड के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# डॉक्टरों और नर्सों की अब नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी

**मुंबई। यशोडेस्क**

मुंबई में पहली बार लोकसभा चुनाव के काम के लिए केईएम, नायर जैसे बड़े मुंबई महानगर पालिका अस्पतालों के डॉक्टरों के चुनाव ड्यूटी में शामिल होने की खबर है। ऐसे में मरीज सेवा प्रभावित होने का अंदेशा जताया जा रहा था, लेकिन अब डॉक्टरों और नर्सों की चुनाव ड्यूटी रद्द कर दी जा रही है। यह जानकारी मुंबई उपनगर जिलाधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर ने दी है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयार हैं। राजनीतिक दल और कार्यकर्ता तो पूरी तैयारी कर ही रहे हैं, लेकिन साथ ही शिक्षक और महापालिका के कर्मचारी भी इस काम में लगे हुए हैं। उसमें चुनाव आयोग ने पहली बार मुंबई में डॉक्टरों को चुनाव कार्य में शामिल करने का निर्णय लिया था। इस साल चुनाव कार्य में डॉक्टरों की चुनाव ड्यूटी लगाने की घोषणा की गयी, लेकिन इसका असर सरकारी अस्पताल में मरीजों की देखभाल पर पड़ेगा। इसलिए अब इस संबंध में नया फैसला लिया गया है और डॉक्टरों तथा नर्सों की चुनाव ड्यूटी रद्द की जा रही है। मुंबई उपनगर जिलाधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर ने इस संबंध में जानकारी दी है।

**मरीज सेवा प्रभावित होने का था अंदेशा**



# मालाड के शॉपिंग सेंटर में आग

**मुंबई। यशोडेस्क**


मालाड पश्चिम में स्थित बॉम्बे टॉकीज कंपाउंड में बुधवार रात आग लग गई। रिपोर्ट के मुताबिक, पांच दमकल गाड़ियां मालाड पश्चिम में बॉम्बे टॉकीज कंपाउंड पहुंची। बुधवार देर रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि कुछ लोग इसमें फंसे हुए थे, जिन्हें समय रहते निकाल लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मुंबई फायर ब्रिगेड के अनुसार, शॉपिंग सेंटर से 22 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।






# अडाणी, अंबानी में पहली बार गठजोड़

**नयी दिल्ली।भाषा** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंड्स्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है। रिलायंस इंड्स्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी और निजी उपयोग के लिए 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता का उपयोग करेगी। गुजरात के इन दोनों उद्योगपतियों को अक्सर मीडिया और समालोचकों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता



रहा है। हालांकि, दोनों उद्योगपति एशिया के सबसे अमीर लोगों की सूची के शीर्ष दो पायदानों तक पहुंचने के लिए वर्षों से एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं। अंबानी की रुचि तेल और गैस से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक है तो अडाणी का ध्यान बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है। दोनों कारोबारियों ने स्वच्छ ऊर्जा खंड को छोड़कर शायद ही कभी एक-दूसरे का रास्ता काटा हो। इस

**अडाणी समूह 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक बनने की आकांक्षा रखता है, जबकि रिलायंस गुजरात के जामनगर में चार गीगाफैक्टरी का निर्माण कर रही है।**

खंड में दोनों उद्योगपतियों ने कई अरब रुपये के निवेश की घोषणा की है। अडाणी समूह 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक बनने की आकांक्षा रखता है, जबकि रिलायंस गुजरात के जामनगर में चार गीगाफैक्टरी का निर्माण कर रही है। इनमें प्रत्येक फैक्टरी सौर पैनल, बैटरी, हरित हाइड्रोजन और ईंधन सेल के लिए है। अडाणी समूह भी सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगाफैक्टरी लगा रहा है। जब अडाणी समूह ने पांचवीं पीढ़ी (5जी) डेटा और वॉयस कॉल सेवाओं को लेकर जाने में सक्षम स्पेक्ट्रम की नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन किया था तो तब भी टकराव की भविष्यवाणी की गई थी। हालांकि, अंबानी के विपरीत अडाणी ने 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा था, जो सार्वजनिक नेटवर्क के लिए नहीं है। इसके विपरीत, दोनों विरोध से बहुत दूर रहे हैं। साल 2022 में अंबानी से पूर्व संबंधों वाली एक कंपनी ने समाचार प्रसारक एनडीटीवी में अपनी हिस्सेदारी अडाणी को बेच दी, जिससे अधिग्रहण का मार्ग साफ हो गया।

# इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी : तटरक्षक

**बाल्टीमोर (अमेरिका)। एपी** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बाल्टीमोर में एक पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक जहाज के इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी। तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। अमेरिकी तट रक्षक रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने बुधवार को संवाददाता

### नदी में से दो शव निकाले गए

सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों को सूचित किया गया था कि बिजली गुल होने से पहले जहाज के इंजन की नियमित रखरखाव प्रक्रिया चल रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को किसी भी समस्या के बारे में सूचित नहीं किया गया। वहीं, मैरीलैंड राज्य पुलिस अधीक्षक कर्नल रोलैंड एल बटलर जूनियर ने कहा कि नदी में से दो शव निकाले गए हैं। उनके अनुसार, मृतकों की उम्र 35 और 26 वर्ष है। सिंगापुर के झंडे वाला पोत सोमवार देर रात 2.6 किलोमीटर लंबे 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' के एक खंभे से जा टकराया। जहाज के टकराने के बाद पुल टूट कर नदी में गिर गया था। इस दौरान पुल पर मरम्मत का कार्य कर रहे छह लोग लापता हो गए थे जिन्हें बाद में मृत मान लिया गया था। बटलर ने कहा कि ये छह निर्माण श्रमिक मेक्सिको,



ग्वाटेमाला, होंडुरास और अल साल्वाडोर के हैं। दूसरी ओर सिंगापुर में अधिकारियों ने कहा कि वे अमेरिकी अधिकारियों की मदद करने के अलावा, पुल ढहने की अपने स्तर से भी जांच करेंगे। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण ने बुधवार को कहा कि वह जहाज का प्रबंधन करने वाली कंपनी 'सिनर्जी मरीन ग्रुप' के साथ काम कर रहा है, जिसकी जांच के लिए अमेरिकी तट रक्षक को जानकारी दी जा सके। इस बीच, पुल के ढहने के बाद बाल्टीमोर बंदरगाह का परिचालन बंद होने के कारण मालवाहक पोत का संचालन करने वाली कंपनियां यह पता लगाने के लिए संघर्ष कर रही हैं कि अब पोतों का माल वह कहां उतार सकती हैं और कहां से उनपर माल चढ़ा सकती हैं। आपूर्ति श्रृंखला विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्वी तट के अन्य बंदरगाहों पर बाल्टीमोर जाने वाले पोतों को भेजा जा सकता है जिससे संकट से बचा जा सकेगा। राज्य ने कहा कि पोतों का संचालन करने वाली 50 से अधिक कंपनियां बाल्टीमोर बंदरगाह के साथ व्यापार करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टीकेएम के चुनिंदा वाहन एक अप्रैल से होंगे महंगे

**नयी दिल्ली।भाषा,** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्पादन लागत तथा परिचालन खर्च में बढ़ोतरी के कारण एक अप्रैल से अपने चुनिंदा वाहनों की कीमतें एक प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वह एक अप्रैल से अपने विशिष्ट मॉडलों के कुछ ग्रेड की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। टीकेएम ने कहा, 'कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि उत्पादन लागत और परिचालन खर्च बढ़ने की वजह से की जा रही है।' टीकेएम के पास हैचबैक ग्लैंजा से लेकर प्रीमियम स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) फॉर्च्यूनर जैसे वाहनों की श्रृंखला है।

### आरआईएलआईएल में जियो ने किया निवेश

**नयी दिल्ली। भाषा,** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी जियो लीजिंग सर्विसेज और उसके नामांकित व्यक्तियों ने नवगठित रिलायंस इंटरनेशनल लीजिंग आईएफएससी लिमिटेड (आरआईएलआईएल) में 2.50 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है। आरआईएलआईएल की स्थापना एक फरवरी को की गई थी। यह जियो लीजिंग और रिलायंस इंड्स्ट्रीज की इकाई रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड का 50:50 का संयुक्त उद्यम है।

### अमिताभ स्प्रिंकलर के सीटीओ नियुक्त

**नयी दिल्ली। भाषा,** अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी स्प्रिंकलर ने अमिताभ मिश्रा को मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। कंपनी के अनुसार, मिश्रा एक अप्रैल 2024 से पदभार संभालेंगे। मिश्रा दुनिया भर में सभी आर एंड डी (अनुसंधान वविकास) दलों का नेतृत्व करेंगे। वह स्प्रिंकलर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रैगी थॉमस के अधीन काम करेंगे।

# चीन की एक और कंपनी ने पाक में कामकाज बंद किया

**इस्लामाबाद। भाषा** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के दो दिन बाद चीन की एक कंपनी ने इसी अशांत प्रांत में

### आत्मघाती हमले के कारण लिया फैसला

एक अन्य जलविद्युत परियोजना में निर्माण कार्य रोक दिया और सैकड़ों श्रमिकों को काम से हटा दिया है। मीडिया में बृहस्पतिवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई। खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में मंगलवार को विस्फोटक लदा एक वाहन एक बस से टकराया था जिससे उसमें सवार दासू जलविद्युत परियोजना में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। किसी आतंकी संगठन ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। 'डॉन' अखबार ने सरकारी सूत्रों के हवाले से अपनी खबर



में कहा कि चीनी कंपनी 'पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चीन' (पीसीसीसी) ने शांगला जिले में आत्मघाती हमले में चीनी नागरिकों की मौत के बाद प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला जलविद्युत विस्तार परियोजना में निर्माण संबंधी कार्यों को निलंबित कर दिया है। यहां 2,000 से अधिक श्रमिकों को काम से हटा दिया है। खबर के मुताबिक, कंपनी के परियोजना प्रबंधक ने एक आदेश जारी कर कार्य स्थगित किए जाने की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते अगले आदेश तक सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को हटाया गया है।

## कोटक ने सोनाटा का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली। भाषा** कोटक महिंद्रा बैंक ने 537 करोड़ रुपये में एनबीएफसी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, 'बैंक ने आज एक




गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (एनबीएफसी) की जारी तथा भुगतान की गई पूंजी को 100 प्रतिशत करीब 537 करोड़ रुपये में हासिल कर लिया है। यह सूक्ष्म वित्त संस्था आरबीआई के साथ पंजीकृत है।' सोनाटा 549 शाखाओं के जरिए 10 राज्यों में काम कर रहा है। इसका 31 दिसंबर 2023 तक 'एसेट अंडर मैनेजमेंट' (एयूएम) करीब 2,620 करोड़ रुपये था।

# कंपनियां साइबर सुरक्षा जोखिमों को लेकर तैयार

**नयी दिल्ली। भाषा** भारत में पांच प्रतिशत से भी कम कंपनियां साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिमों को लेकर तैयार हैं। एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है। इसमें कहा गया है कि इनमें से बड़ी संख्या में कंपनियों ने हालांकि स्वीकार किया है कि अगले 12-24 माह में इस तरह के जोखिमों से उनके कारोबार पर असर पड़ सकता है। बृहस्पतिवार को जारी '2024 सिस्को साइबरसिक्योरिटी रेडिनेस इंडेक्स' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में केवल चार प्रतिशत कंपनिया आज के खतरों से निपटने के लिए तैयार हैं, जबकि 59 प्रतिशत संगठन 'तैयारी के शुरुआती या प्रारंभिक चरण' में हैं। इसमें कहा गया कि वैश्विक स्तर पर सिर्फ तीन प्रतिशत कंपनियां साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिमों से निपटने के लिए तैयार हैं। इस अध्ययन में निजी क्षेत्र की 8,136 कंपनियों को शामिल किया गया है, जिनमें 1,000 कंपनियां भारत की हैं। अध्ययन से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल 82 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि साइबर सुरक्षा संबंधी मामला अगले 12-24 महीनों में उनके व्यवसाय को बाधित करेगा।

**शुरुआती चरण में 59% कंपनियां**

# महायुति में हुआ सीटों का बंटवारा

पृष्ठ 1 का शेष... उम्मीदवार बनाया है।

**शिवसेना की संभावित सीटें :** रामटेक, बुलढाणा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, कोल्हापुर, हटकनंगले, छत्रपति संभाजीनगर, मावल, शिरडी, पालघर, कल्याण, ठाणे, मुंबई दक्षिण मध्य, उत्तर पश्चिम मुंबई

**इन सीटों पर लड़ सकती है राकांपा:** रायगढ़, बारामती, शिरूर, नासिक, धाराशिव

वहीं, महादेव जानकर की राष्ट्रीय समाज पक्ष परभणी से चुनाव लड़ सकती है।

**भाजपा के खाते में जा सकती हैं ये सीटें :** नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर, चंद्रपुर, अकोला, अमरावती, नांदेड़, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, नंदुरबार, जलगांव, जालना, अहमदनगर, बीड, पुणे, धुले, डिंडोरी, भिवंडी, उत्तरी मुंबई, उत्तर मध्य मुंबई, उत्तर पूर्व मुंबई, दक्षिण मुंबई, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, वर्धा, रावेर

बीजेपी ने इनमें से 23 सीटों पर उम्मीदवार फाइनल कर लिए हैं। अभी पांच सीटें- मुंबई उत्तर मध्य, दक्षिण मुंबई, शिरडी, रत्नगिरी सिंधुदुर्ग और सातारा पर उम्मीदवारों की घोषणा होनी बाकी है। अगर राज ठाकरे की एमएनएस एनडीए में शामिल होती है तो दक्षिण मुंबई या शिरडी में से एक सीट दी जा सकती है।

एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने जारी की पहली लिस्ट

**देखें पूरी लिस्ट**

| सीटों के नाम | उम्मीदवारों के नाम |
|---|---|
| मुंबई दक्षिण मध्य | राहुल शेवाले |
| कोल्हापुर | संजय मंडलीक |
| शिरडी | सदाशिव लोखंडे |
| बुलढाणा | प्रतापराव जाधव |
| हिंगोली | हेमंत पाटील |
| मावल | श्रीरंग बारणे |
| रामटेक | राजू पारवे |
| हातकणगले | धैर्यशील माने |

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इस समय तमाम दल लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं। इस क्रम में एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने भी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 8 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए हैं। शिंदे गुट ने पहली लिस्ट में 7 सिटिंग सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा है।

गोविंदा को भी मिलेगा लोकसभा टिकट

गुरुवार को ही एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में एक्टर गोविंदा ने शिवसेना जॉइन की थी। माना जा रहा है कि गोविंदा को भी शिंदे की शिवसेना से लोकसभा टिकट दिया जा सकता है। गोविंदा ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर मुंबई उत्तर से चुनाव लड़ा था लेकिन, हार मिलने के बाद उन्होंने राजनीति की राह छोड़ दी थी। गौरतलब है कि महायुति गठबंधन में शिवसेना को 14 सीटें दी गई हैं। जिसमें गुरुवार को पार्टी ने 8 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। उम्मीद है कि शिवसेना जल्द ही 6 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी।

## भाजपा में शामिल हुए बीजद सांसद महताब

पृष्ठ 1 का शेष... क्षेत्र से छह बार सांसद रहे माहताब ने 22 मार्च को बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

# यूपी के कुख्यात डॉन मुख्तार अंसारी की मौत

पृष्ठ 1 का शेष... कॉलेज को पूरी छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के भी कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताते हैं कि इससे पहले मुख्तार की सोमवार रात हालत बिगड़ी थी, जिस पर जिला अस्पताल से तीन डॉक्टर बुलाए गए थे। पेट दर्द और फूलने की शिकायत के साथ मोशन नहीं हो रहा था। रात पौने चार बजे उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। यहां 14 घंटे आईसीयू में रखने के बाद मंगलवार शाम सवा छह बजे डिस्चार्ज कर दिया गया था। इसके बाद उसे फिर से जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। बुधवार दोपहर मुख्तार की फिर हालत बिगड़ी तो जिला अस्पताल से डॉक्टर बुलाए गए। एनिमा आदि लगाने के बाद मुख्तार को राहत मिली। गुरुवार दोपहर को मुख्तार को अचानक पेट और सीने में दर्द की शिकायत हुई। इस पर जिला अस्पताल से फिर डॉक्टर बुलाए गए। शाम करीब आठ बजे मुख्तार के सीने में तेज दर्द हुआ और उसकी हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक पड़ा है। मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज किया जा रहा था।



बांदा जेल में बंद मुख्तार की तबीयत खराब होने पर उनके भाई अफजाल अंसारी ने मारने का आरोप लगाया था। मीडिया से बातचीत के दौरान अफजाल ने कहा था कि मुख्तार को मारने की साजिश कई सालों से रची जा रही है। अफजाल ने कहा था कि एक बार गाजीपुर में ही बम बनाते समय विस्फोट हो गया, जिसमें एक की मौत भी हो गई थी। दिल्ली पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ा था जिसने कबूल किया था कि उसे पांच करोड़ रुपये मुख्तार को उड़ाने के लिए दिए गए थे। इसके अलावा भी कई घटनाएं हैं जिसमें मुख्तार को मारने की कोशिश की गई। सांसद ने कहा था कि यह सब बृजेश सिंह को बचाने के लिए किया जा रहा है। क्योंकि 2001 में उसरी चट्टीकांड में मुख्तार पर हुए हमले में बृजेश सिंह व त्रिभुवन सिंह के खिलाफ कोर्ट में मामला चल रहा है। इन लोगों को सजा न हो, इसके लिए घटना के 22 साल बाद मुख्तार और उस केस में शामिल गवाहों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। सरकार जानती है कि उसरी चट्टीकांड के केस में अगर बृजेश को बचाना है तो मुख्तार को खत्म करना होगा। मुकदमे में गवाही देने से पहले मुख्तार को मारने की साजिश हुई थी।


**उपविभागीय दंडाधिकारी हवेली, उपविभाग पुणे, यांचे कोर्टात**

७, निलगिरी बंगला, राणीचा बाग, अल्पबचत भवन मागे, पुणे- ४११००१

दूरध्वनी - ०२०-२६३३०८३२ Email-sdopune@gmail.com

क्र. फौजदारी/जन्म/एसआर/३८/२०२३

**जाहीर नोटीस**

१. सय्यदबीबी मोईना सय्यद जमालुददीन उर्फ इकबाल कमलीवालेपिरा लग्नापूर्वीचे नाव सय्य्दाबीबी मोईना अब्दुला शेख (लग्नानंतरचे नाव) रा. फ्लॅट नं. २०३ डुरे कॉम्प्लेक्स बी विंग दुराणी कॉम्प्लेक्स, कोंढवा खुर्द, ता. हवेली, जि. पुणे ...अर्जदार

विरुद्ध

१. जन्म-मृत्यू नोंदणी अधिकारी पुणे महानगरपालिका ... जाब देणार

जाहीर नोटीस देण्यात येते की, वरील नमूद किरकोळ फौजदारी अर्जातील अर्जदार नामे सय्यदबीबी मोईना सय्यद जमालुददीन उर्फ इकबाल कमलीवालेपिरा लग्नापूर्वीचे नाव सय्य्दाबीबी मोईना अब्दुला शेख (लग्नानंतरचे नाव) रा. फ्लॅट नं. २०३ डुरे कॉम्प्लेक्स, बी विंग दुराणी कॉम्प्लेक्स, कोंढवा खुर्द, ता. हवेली, जि. पुणे यांचा स्वतःचा जन्म दिनांक १०/१०/१९८५ मध्ये मौजे कोंढवा खुर्द येथे ता. हवेली, जि. पुणे येथे राहत्या घरी झाला आहे. त्यांचे जन्म नोंदीचा हुकूम मिळविण्याकरिता अर्जदार यांनी या न्यायालयात जन्म व मृत्यू नोंदणी अधिनियम २०२३, कलम ११ (३) प्रमाणे जन्म नोंदी आदेश मिळणेबाबत अर्ज दाखल केलेला आहे. सदर अर्जास कोणाचेही कोणत्याही प्रकारचे कायदेशीर हरकत असल्यास त्यांनी सदरची जाहीर नोटीस प्रसिद्धी झाल्यापासून ३० दिवसांच्या आत या न्यायालयात स्वतः अथवा आपले वकीलांमार्फत हजर राहून आपले म्हणणे कागदपत्रासोबत मांडावे. सदर दिवशी कोणाचेही हरकत न आल्यास सदर अर्जास कोणाचेही हरकत नसल्याचे समजून पुढील हुकूम करणेत, येईल याची नोंद घ्यावी.

आज दिनांक ०६/०३/२०२४ रोजी माझे सहीने व न्यायालयाचे शिक्क्यानिशी ही जाहीर नोटीस दिले असे.

ठिकाण - पुणे
दिनांक- ०६/०३/२०२४

सही/-
(संजय आसवले)
उपविभागीय दंडाधिकारी हवेली
उपविभाग पुणे

शिक्का



**रेल पहिया कारखाना/बेला**
जिला–सारण, (बिहार)–841221

**ई–निविदा सूचना सं. : एस/आर डब्ल्यू पी /ई/50/2023–24, दिनांकः 27.03.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना / बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई–प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु **ऑनलाईन (ई खुली निविदा)** आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं.** : 1. **निविदा सं.** : 01235026B, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण** : Cope Retainer for 43 inch, **मात्रा** : 60 nos., **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि** : 29.04.2024 at 14:00 hrs. **1.** वेबसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहाँ से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, **www.ireps.gov.in** है। **2.** बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/ बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाईट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना, बेला

आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.बी.टी./2023–24/122



**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग, पालघर**

**ई-निविदा सूचना क्र. ५२ सन २०२३-२०२४ (द्वितीय मागणी)**

**शुद्धीपत्रक**

| अ. क्र. | कामाचे नांव | अंदाजित रक्कम रु. कोटी मध्ये (जी.एस.टी.वगळून) | लेखाशीर्ष |
|---|---|---|---|
| १. | पालघर जिल्ह्यातील झाई-बोर्डी-तारापूर-परनाळी-सफाळे-पारगाव-वरई रा. म. ८ रस्त्याची सुधारणा करणे. कि. मी. २०/००० ते १०१/१०० व सफाळे मांडे टेंभी खोडावे प्रजिमा ३८ रस्त्याची सुधारणा करणे. कि. मी. ०/००० ते ९/१००. जि. पालघर | रु. १८४.००/- | (००) (०३) हायब्रीड अॅन्युईटी च्या माध्यमातून बांधण्यात येणाऱ्या रस्ते व पुल यांच्या बांधकाम प्रकल्पासाठी राज्यशासनचे अनुदान (दत्तमत) (योजनेमार्फत) (५०५४ ५२४२) ५३ मोठी बांधकामे. |

उपरोक्त निविदा सूचना क्रमांक. 52 वर्ष 2023-2024 (दूसरी मांग) खंड-I (आरएफपी) प्रस्ताव के लिए अनुरोध अंक संख्या 2.1.6 के अनुसार उक्त ठेकेदारों ने बिड सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि रुपये जमा कर दी है. डिमांड ड्राफ्ट/एफडीआर/बैंक गारंटी के रूप में 1.84 करोड़ रुपये लखोटा नंबर 1 में प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है.

परंतु उक्त कार्य का टेंडर ऑनलाइन अपलोड करने के समय उक्त कार्य की राशि रु. 1.84 करोड़ का ऑनलाइन ऑर्डर किया गया है. इस कारण उक्त कार्य का ऑनलाइन तकनीकी सुधार कर ई-टेंडर नं.

2024_PWR_1031307_1 उक्त कार्य क्रमांक हेतु ई-निविदा के स्थान पर 2024_PWR_1031307_2 को इस प्रकार पढ़ना चाहिए.

साथ ही इसी कारण से निविदा सूचना क्रमांक. 52 वर्ष 2023-2024 (दूसरी मांग) इस निविदा की अवधि निम्नानुसार बढ़ाई गई है.

सदर ई-निविदा निविदा सूचना क्र. 52 सन 2023-24 (द्वितीय मागणी) मधील ई-निविदा फॉर्म प्राप्त करने की तारीख दि. ११/०३/२०२४ ते दि. १८/०४/२०२४ पर्यंत आहे.

ई-टेंडर खुलने की तिथि 22/04/2024 यदि संभव हो तो दोपहर 12.30 बजे के बाद यह मा. अधीक्षक अभियंता एस. बी. मंडल, ठाणे के हॉल में है.

इस कार्य का संपूर्ण विवरण निविदा प्रणाली की वेबसाइट

1) www.mahapwd.gov.in 2) https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है.

सही/-
(स.प्र.पाटील)
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग, पालघर

जा.क्र. सा.बां.वि./पालघर/निविदा/५७९४
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, सा. बां. विभाग, पालघर
बांधकाम भवन इमारत, ढवळे रुग्णालया शेजारी,
पालघर-बोईसर रोड, ता. जि. पालघर (पश्चिम)- ४०१४०४
दिनांक : २८/०३/२०२४


# गोविंदा आला रे...

पृष्ठ 1 का शेष... उलटफेर करते हुए मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया था। शिंदे ने 60 वर्षीय अभिनेता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि वह समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हस्ती हैं। इस मौके पर गोविंदा ने कहा कि 2004 से 2009 के बीच राजनीति में उनके पहले कार्यकाल के बाद उन्हें कभी नहीं लगा था कि वह इस क्षेत्र में वापसी करेंगे। अभिनेता ने कहा, 'मैं 14 वर्ष के वनवास के बाद (राजनीति में) लौटा हूं।' गोविंदा का पूरा नाम गोविंद आहूजा है। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो वह कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम करेंगे। अभिनेता ने कहा कि शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद से मुंबई अधिक सुंदर और विकसित दिख रही है। अभिनेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास अविश्वसनीय है। जून 2022 में मुख्यमंत्री बनने वाले शिंदे ने कहा कि मुंबई में सकारात्मकता व समृद्धि है और महानगर में प्रदूषण का स्तर भी कम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविंदा बिना किसी पूर्व शर्त के उनकी पार्टी में शामिल हुए हैं। शिंदे ने इन बातों को खारिज कर दिया कि वह चुनाव के मद्देनजर पार्टी में शामिल हुए हैं। शिंदे ने कहा, 'गोविंदा प्रगति के पक्षधर हैं। वह मोदीजी की विकास नीतियों से प्रभावित हैं। वह फिल्म उद्योग के कल्याण और प्रगति के लिए कुछ करना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि वह सरकार और फिल्म उद्योग के बीच की कड़ी बनेंगे। वह बिना किसी शर्त के साथ हमसे जुड़े हैं।' यह पूछे



जाने पर कि क्या अभिनेता को मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से मैदान में उतारा जाएगा, शिंदे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई शर्त नहीं रखी है।


**निविदा शुध्दीपत्रक क्र. २**

**संदर्भ :-** या कार्यालयाच्या जा. क्र. साबांवि/कणक/निविदा/२०२३-२४/७७४. दिनांक ०२/०२/२०२४ अन्वये प्रसिध्द करण्यात आलेली निविदा सूचना क्रमांक ६३ सन २०२३-२४

**या कार्यालयाची ई-निविदा सूचना क्र. ६३ सन २०२३-२४ प्रसिद्ध झालेली असून काही तांत्रिक कारणामुळे निविदा सादर करण्याच्या कालावधीमधील तपशिलामध्ये खालीलप्रमाणे बदल करण्यांत येत आहेत.**

**ई-निविदेचे वेळापत्रक**

| | | |
|---|---|---|
| १ | निविदा डाऊनलोड करण्याचा कालावधी | **दि. १२/०२/२०२४ सकाळी १०.०० ते ०८/०४/२०२४ सायं. १७.०० वाजेपर्यंत.** |
| ३ | तांत्रिक आणि आर्थिक निविदा उघडण्याचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | **मा. अधीक्षक अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम मंडळ रत्नागिरी यांचे कार्यालयात दि. ०८/०४/२०२४ सायं. १७.०५ वाजेपर्यंत ऑनलाईन उघडण्यांत येतील (शक्य झाल्यास).** |

**टीप -** अन्य कोणताही बदल नाही.

**जा.क्र. साबांवि/कणक/निविदा/ २०२३-२४ /२८४५**

**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग, कडाळ**
**मु. कणकवली, जिल्हा-सिंधुदुर्ग.**
**(दूरध्वनी क्र. ०२३६७-२३२१२४)**
**दिनांक :- २७/०३/२०२४**

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**कणकवली.**


## एक अप्रैल को नोट बदलने की सुविधा नहीं

पृष्ठ 1 का शेष... 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, ' वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।' आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी। बैंक ने बताया कि 29 फरवरी को कारोबारी घंटों की समाप्ति तक 2000 रुपये के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकिंग तंत्र में वापस आ चुके हैं और सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट अब भी जनता के पास हैं।


SUZUKI
FROM THE MAKERS OF HAYABUSA AND GSX-R
GIXXER SF
GIXXER
BORN OF GREATNESS
Now available with Suzuki Ride Connect.
E20 COMPLIANT
ABS
POWERED BY SEP SUZUKI ECO PERFORMANCE
RIDE CONNECT SUZUKI
SUZUKI at your Doorstep
#amGIXXER
PD SUZUKI
For more details, Call now on
+91 075584 46130 I 7558445686 I
9028994794 I 7387465226
BOISAR : Plot No.J203, Mukat Tank Road, Boisar, Palghar - 401501



श्रीकृष्ण उवाच

परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे॥

यशोभूमि
## संपादकीय

# केजरीवाल पर कसता शिकंजा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर ईडी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। हालांकि केजरीवाल अपनी तरफ से कोशिश में हैं कि उन्हें राहत मिले लेकिन बुधवार को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और उन्हें जमानत नहीं मिली। फिलहाल उन्हें 1 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में रहना पड़ेगा। जाहिर है केजरीवाल पर शिकंजा कसता जा रहा है। दरअसल कथित शराब घोटाला मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कई तथ्यों पर से पर्दा उठा है और अभी कई तथ्यों से पर्दा उठना बाकी है। इसको इस तरह समझा जा सकता है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि पैसों की लेनदेन के बाद उसका इस्तेमाल कहां और किस मद में हुआ। इसी के चलते गोवा के आप प्रमुख को ईडी की तरफ से समन भेजा गया है। हालांकि केजरीवाल लगातार कह रहे हैं कि वो बेगुनाह हैं और उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा- मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया है ? मेरे खिलाफ कोई आरोप नहीं है। क्या मेरी गिरफ्तारी के लिए कोई पर्याप्त आधार है? किसी कोर्ट ने अब तक मुझे दोषी नहीं माना है फिर मुझे क्यों गिरफ्तार किया गया है? मेरे खिलाफ कोई आरोप नहीं है। उधर दूसरी तरफ ईडी का दावा है कि केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। साफ है इसी के चलते शायद उन्हें कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली और अदालत ने केजरीवाल की रिमांड 1 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। तब केजरीवाल को कोर्ट ने सात दिन की कस्टडी में भेजा था। गुरुवार को उनकी कस्टडी समाप्त हुई। गुरुवार को कोर्ट में गरमागरम बहस हुई और आखिरकार उनकी रिमांड 4 दिनों के लिए और बढ़ा दी गई। ईडी को अब केजरीवाल की रिमांड 1 अप्रैल तक मिल गई है। दरअसल शुरू से केजरीवाल ने ईडी को नजरअंदाज किया जिसके कारण उनका मामला पेचीदा हो गया। ईडी ने एक के बाद एक कई समन केजरीवाल को भेजे, लेकिन उन्होंने ईडी के समन को नजरअंदाज किया। जाहिर है केजरीवाल की इस लापरवाही ने केस को उलझा दिया और एक संदेश गया कि केजरीवाल ईडी को सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह बात कोर्ट में भी सामने आई। ईडी ने कोर्ट में साफ किया कि केजरीवाल पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह आधार केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रखने के लिए एक सबूत है। बहरहाल अब देखना होगा कि 1 अप्रैल के बाद केजरीवाल की परेशानी कम होती है या नहीं।

## कटाक्ष

मारा-मारी सीट की आज हो रही खूब।
दुश्मन बनते जा रहे,जो कल थे महबूब।।
जो कल थे महबूब,आज ले घूमें डंडा।
छोटे-छोटे दल भी आज बने हैं पंडा।।
कह सुरेश कविराय दुखी हैं भ्रष्टाचारी।
पटना से दिल्ली हर ओरी मारा-मारी।।

■ सुरेश मिश्र

## प्रसंगतः चोर से सहानुभूति

एक संत थे। उनके पास एक कीमती कम्बल था। एक दिन कोई वह कम्बल चुरा ले गया। कुछ दिन बाद संत ने बाजार में एक व्यक्ति को वही कम्बल एक दुकानदार को बेचते देखा। दुकानदार उस व्यक्ति से कह रहा था कि यह कम्बल तुम्हारा है या चोरी का। इस बात का क्या प्रमाण है? अगर कोई सज्जन व्यक्ति आकर गवाही दे तो मैं यह कम्बल खरीद सकता हूं। संत जी पास में ही खड़े थे। उन्होंने दुकानदार से कहा, मैं इसकी गवाही देता हूं। तुम इसे भुगतान कर दो।तब संत ने कहा, यह बेचारा बहुत गरीब है। गरीबी के कारण ही इसने ऐसा काम किया है। हमें हर स्थिति में गरीबों की मदद करनी चाहिए। संत के ये वचन सुनकर वह व्यक्ति उनके पैरों पर गिर पड़ा और फिर कभी चोरी न करने का वादा किया।

## दैनिक पंचांग

**29 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.46 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 08.26 बजे से |
| मंगल | मकर में | मिथुन | 10.24 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.53 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कन्या | 17.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.16 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.31 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.47 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मकर | 01.52 बजे से |
| | | कुंभ | 03.38 बजे से |
| | | मीन | 05.11 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 89 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 20.21 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 20.36 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 23.11 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.43 बजे तदनन्तर बालव 20.21 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 29' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871933 **जूलियन दिन** 2460398.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 18 **विशेष** गुड फ्राइडे।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# ड्रैगन के खिलाफ बलूचों ने क्यों उठा रखा है हथियार

पाकिस्तान हमेशा चीन को अपना सबसे जिगरी दोस्त बताता है। उसके इशारों पर कुछ भी करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। चीन और पाकिस्तान की करीबी दुनिया से छिपी भी नहीं है लेकिन इस दोस्ती की कीमत कुछ चीनी नागरिकों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकियों ने गाड़ी पर आत्मघाती हमला कर दिया। चायनीज इंजीनियर की गाड़ी पर हमला उस समय किया गया जब चायनीज इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू के लिए जा रहे थे।

चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कारिडोर यानी उढएउ पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी

**चीन इस बात से नाराज है कि पाकिस्तान ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था लेकिन हमले नहीं रुके। दरअसल, उढएउ में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान ने 15 हजार जवानों की स्पेशल सिक्योरिटी डिवीजन बनाई लेकिन दो साल में 30 चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं।**

पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन उढएउ वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपनी रेड आर्मी तैनात करेगा।

चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये मैसेज बता दिया। पिछले सात दिन में बलोच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाकिस्तान ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था लेकिन हमले नहीं रुके। दरअसल, उढएउ में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान ने 15 हजार जवानों की स्पेशल सिक्योरिटी डिवीजन बनाई लेकिन दो साल में 30 चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं।

मंगलवार को विस्फोटकों से भरे वाहन से टक्कर के बाद चीनी इंजीनियरों की गाड़ी खाई में गिर गई। आतंकियों ने चीनी नागरिकों पर हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में किया। आतंकियों ने बेशम शहर के पास आत्मघाती हमले को अंजाम दिया। विस्फोटक से भरी एक कार चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई। हमले में पांच चीनी इंजीनियर और एक पाकिस्तानी की मौत हो गई। चीनी इंजीनियर प्रोजेक्ट के सिलसिले में पाकिस्तान में थे। आतंकियों की विस्फोटक से भरी कार जब चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई तो जोरदार धमाका हुआ और कार खाई में जा गिरी। ये पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में चीन के नागरिकों को निशाना बनाकर मारा गया है। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था के बाद



**पाकिस्तान के बलोच हमलों में मारे जा रहे हैं चीनी नागरिक**

भी चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में ना सिर्फ हमले हो रहे हैं बल्कि उनकी जान पर खतरा भी बना हुआ है जबकि पाकिस्तान ऐसा देश है जो चीन के सैकड़ों अहसान के तले दबा हुआ है। ऐसे में अगर चीन के नागरिकों को पाकिस्तान में निशाना बनाकर मारा जायेगा तो चीन का नाराज होना लाजमी है। पाकिस्तान में आतंकी हमला होना कोई नई बात नहीं है और पाकिस्तान को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आतंकी हमले में उसके कितने नागरिक मारे गए। हमला क्यों हुआ, किसने किया क्योंकि भारत से नफरत में पाकिस्तान आतंकवाद और आतंकियों का समर्थन करता आया है। पाकिस्तान में सत्ता चाहे किसी की रहे, देश की अवाम उनके लिए कोई मायने नहीं रखती लेकिन अगर आतंकी हमला चीनी नागरिकों पर हो जाये, और वो भी एक साथ 5-5 चीनी नागरिक आतंकी हमले में मारे जायें तो पाकिस्तान के हुक्मरानों के हाथ पैर फूल जाते हैं। उन्हें दिन में तारे दिखाई देने लगते हैं और मंगलवार को हुए चीनी नागरिकों पर हमले के बाद भी ऐसा ही हुआ।

पांच चीनी नागरिकों के आतंकी हमले में मारे जाने से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस कदर घबरा गए कि हमले के कुछ ही घंटे बाद अपनी पूरी कैबिनेट के साथ इस्लामाबाद स्थित चीन के दूतावास पहुंच गए। शहबाज शरीफ को डर था कि चीन डांट फटकार लगाए, उससे पहले किसी तरह उसे मना लिया जाये। पाकिस्तान, चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से ऊंचा और समुद्र से गहरा बताता है, चीन को आयरन ब्रदर कहता है लेकिन इस आतंकी हमले के बाद जो सामने आया, वो चौंकाने वाला है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद दूतावास मंत्री जाते हैं या राजदूत को प्रधानमंत्री आवास बुलाया जाता है लेकिन डर की वजह से शहबाज शरीफ खुद ही चीनी दूतावास पहुंच गए।

जानकारों का कहना है कि तंगहाल पाकिस्तान को छह लाख करोड़ के सीपैक प्रोजेक्ट के हाथ से जाने का खतरा है। इसलिए वह चीन द्वारा सेना को तैनात किए जाने से इनकार करने की स्थिति में नहीं है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। पाकिस्तान को सीधी आर्थिक सहायता के लिए चीन पर निर्भरता जरूरी है। साथ ही पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए 50 फाइटर जेट की डील भी होनी है।


जापान के अखबार 'निक्केई एशिया' ने पाकिस्तान में मौजूद चीनी नागरिकों और उनके कारोबार पर खतरे को लेकर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन किया था। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के तमाम आतंकी संगठन चीनी नागरिकों और उनके कारोबार या कंपनियों को ही निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। इसकी वजह यह है कि बीते 5 साल में यहां उनकी ताकत और रसूख बहुत तेजी से बढ़ा है।

कई जगहों पर तो वो स्थानीय लोगों से भी ज्यादा ताकतवर हैं। आतंकी संगठनों को लगता है कि चीनी नागरिकों की वजह से उनकी कम्युनिटी या इलाकों को नुकसान हो रहा है और वो उनके कारोबार छीन रहे हैं। शुरूआती तौर पर कराची और लाहौर जैसे इलाकों में चीनी नागरिकों के कारोबार और आफिसों पर हमले हुए। इसके बाद उनकी कंपनियों को टारगेट किया गया।

पाकिस्तान को चीन के प्रोजेक्ट्स से कोई फायदा नहीं हो रहा है, जैसे पाकिस्तान में चीन ने पावर प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं लेकिन इससे पाकिस्तानियों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। अगर पाकिस्तान में पाकिस्तान को चीनी निवेश से किसी को फायदा हो भी रहा है तो वे पंजाब प्रांत के लोग हैं और व्यवसायी लोग हैं। इससे बलूचिस्तान के लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है और यहीं वजह है कि अब पाकिस्तान में आजादी की लड़ाई छिड़ चुकी है। ■ **अशोक भाटिया**

# पुलों को जहाजों की टक्कर से बचाया जा सकता है–विशेषज्ञ

984 फुट लंबा, 100,000 टन का मालवाहक जहाज एमवी डाली, 26 मार्च, 2024 को बाल्टीमोर बंदरगाह से निकलते समय फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया, जिससे पुल का एक हिस्सा ढह गया। एक साक्षात्कार में, मिशिगन विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियर शेरिफ एल-ताविल ने बताया कि कितनी बार जहाज पुलों से टकराते हैं, पुलों को टकराव से बचाने के लिए क्या किया जा सकता है और 1980 में फ्लोरिडा में ब्रिज खुलने के तीन साल बाद हुई इसी तरह की आपदा ने पुलों के निर्माण का तरीका कैसे बदल दिया। यह पहली बार नहीं है जब किसी जहाज ने पुल तोड़ दिया हो। जहाज-पुल टकराव का इतिहास क्या है? यह अत्यंत दुर्लभ घटना है। मेरी जानकारी के अनुसार, पिछले 65 वर्षों में इस तरह की लगभग 40 या उससे अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं जिनमें किसी जहाज के कारण पुल को इसी प्रकार की क्षति हुई थी। इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि वे दुनिया भर में औसतन हर डेढ़ से दो साल में एक बार घटित होते हैं। जब आप मानते हैं कि दुनिया भर में लाखों पुल हैं - और उनमें से अधिकांश जलमार्गों को पार करते हैं तो आप कल्पना कर सकते हैं कि यह कितना दुर्लभ है। सबसे प्रभावशाली मामला 1980 में फ्लोरिडा में सनशाइन स्काईवे ब्रिज की टक्कर थी, जिसने संघीय सरकार को जहाज की टक्कर के लिए पुलों को डिजाइन करने के



लिए दिशानिर्देश विकसित करने के संदर्भ में कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। 1990 के दशक की शुरुआत तक प्रावधानों को विकसित किया गया और ब्रिज डिजाइन कोड, एएएसएचटीओ विनिर्देशों में शामिल किया गया। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ स्टेट हाईवे एंड ट्रांसपोर्टेशन ऑफिशियल्स अमेरिका में प्रत्येक पुल के अनुरूप डिजाइन कोड तैयार करता है। सनशाइन स्काईवे ब्रिज आपदा में पिछली ब्रिज टक्करों से क्या अलग था? इसमें लोग हताहत हुए थे। यह तथ्य कि बाल्टीमोर की स्थिति की तरह, एक दुर्घटना एक पुल को गिरा सकती है, ने चिंता उत्पन्न कीः क्या हम इसके बारे में कुछ कर सकते हैं? और इसके बाद कुछ ऐसी विशिष्टताएं थीं जो सामने आईं और अंततः उन्हें राष्ट्रीय डिजाइन दस्तावेज में शामिल किया गया। वे विशिष्टताएं यह कहती हैं कि या तो आप पुल को उस प्रभाव बल के लिए डिजाइन करें जो एक जहाज पहुंचा सकता है या आपको उस प्रभाव बल के विरुद्ध पुल की रक्षा करनी चाहिए। इसलिए आपके पास एक सुरक्षात्मक प्रणाली होनी चाहिए। इसलिए मुझे यह जानकार आश्चर्य हुआ कि इस पुल के चारों ओर कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था, किसी प्रकार का अवरोध नहीं था। मैंने इस पुल की संरचनात्मक योजना की जांच नहीं की है। मैं केवल वे तस्वीरें देख सका जो आनलाइन प्रकाशित की गई थीं, लेकिन यदि वहां किसी तरह की सुरक्षात्मक प्रणालियां होतीं तो स्पष्ट दिखाई देने वाली और पहचानने योग्य होतीं। नए पुल निर्माण के लिए वर्तमान में क्या अनिवार्य है, और क्या यह आज के विशाल मालवाहक जहाजों को संभालने के लिए पर्याप्त है? एमवी डाली की प्रकाशित गति और वजन के आधार पर मेरा अनुमान है कि प्रभाव बल 3 करोड़ पाउंड की सीमा में था। यह एक विशाल बल है, और उस प्रकार के बल का सामना करने के लिए आपको एक विशाल संरचना की आवश्यकता है। लेकिन यदि आपके पास एक विशाल घाट है तो यह संभव है। इससे पुल का डिजाइन और यह कैसा दिखेगा, यह तय हो सकता है। सबसे अधिक संभावना यह है कि यह ट्रस ब्रिज नहीं हो सकता। यह एक केबल स्टे ब्रिज हो सकता है जिसमें एक बहुत बड़ा टावर है जो उस भार को लेने में सक्षम है। यदि आप उस भार के लिए डिजाइन नहीं कर सकते हैं, तो आपको अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा। और विशिष्टताएं यही कहती हैं। वे इस बारे में बहुत स्पष्ट हैं और वे विकल्प यह हो सकते हैं कि घाट या चट्टानी दीवार के चारों ओर एक द्वीप का निर्माण किया जाए, या डाल्फनि,नदी तल में स्थापित स्टैंडअलोन संरचनाएं, उसके बगल में रखी जाएं, या ऐसे फेंडर लगाए जाएं जो ऊर्जा को अवशोषित करें ताकि जहाज इतनी तेजी से अंदर न आए। ये सभी ऐसे तरीके हैं जिनसे आप प्रभाव को कम कर सकते हैं। इंजीनियर संरचनाओं को डिजाइन करते हैं - और पुल कोई अपवाद नहीं हैं - विफलता की एक निश्चित संभावना के लिए, क्योंकि अगर हमने ऐसा नहीं किया, तो लागत निषेधात्मक होगी। सैद्धांतिक रूप से, आप एक ऐसी संरचना बना सकते हैं जो कभी विफल नहीं होगी, लेकिन आपको इसमें असीमित पैसा लगाना होगा। इस प्रकार के एक महत्वपूर्ण पुल के लिए, हम विफलता की स्वीकार्य संभावना 10,000 वर्षों में एक पर विचार करेंगे। ■ **भाषा**

## आपकी चिट्ठी

### मनपा ध्यान दे

आपकी चिट्ठी के माध्यम से मैं उल्हासनगर मनपा का ध्यान शहर में पानी की अनियमित आपूर्ति की तरफ दिलाना चाहता हूं। शहर में कई इलाकों में अनियमित समय में पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। कई इलाकों में रात में पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे लोगों का दिनचर्या प्रभावित होता है। पिछले साल से उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 क्षेत्र के सुभाष टेकड़ी, डिफेंस कालोनी में रात में पानी की आपूर्ति होती है। अतः मनपा प्रशासन से विनती है कि शहर में नियत समय पर पानी की आपूर्ति करें। ■ **राजेश सिंह,** उल्हास नगर




### गंदगी से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से मैं मुंबई मनपा का ध्यान धारावी में दिलाना चाहता हूं। यहां शहीद गोपीनाथ कालोनी की सड़कें कूड़े से पटी पड़ी हैं। सड़क पर कचरा फैलने से इलाके में दुर्गंध फैल रही है। लोगों का कहना है कि मनपा की उदासीनता के चलते यहां कूड़े पर कचरा का ढेर पड़ा हुआ है। कुंडी खाली नहीं होने से लोग बाहर सड़क पर कचरा फेंककर चले जाते हैं। अतः मनपा प्रशासन से अनुरोध है कि इस सड़क का कूड़ा नियमित रूप से उठवाए ताकि स्थानीय नागरिकों को दुर्गंध से राहत मिले।

■ **सुभाष विश्वकर्मा,** धारावी

# रंग पंचमी: जानें तिथि, शुभ मुहूर्त और इस पर्व का महत्व

**रंग पंचमी का पावन पर्व देवी-देवताओं को समपर्ति है। इस दिन हवा में गुलाल उड़ाए जाते हैं। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन सभी देवतागण धरती पर आकर रंग और गुलाल-अबीर से होली खेलते हैं।**

होली के पांचवें दिन यानी चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को रंग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। रंग पंचमी का पावन पर्व देवी-देवताओं को समपर्ति है। इस दिन हवा में गुलाल उड़ाए जाते हैं। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन सभी देवतागण धरती पर आकर रंग और गुलाल-अबीर से होली खेलते हैं। यह पर्व महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में खासतौर पर धुमधाम से मनाया जाता है। चैत्र मास में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को मनाए जाने के कारण इसे कृष्ण पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। वहीं कुछ जगह पर इसे देव पंचमी और श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं इस साल रंग पंचमी कब है और किस तरह मनाया जाता है यह त्योहार...

### रंग पंचमी 2024 तिथि

पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरूआत 29 मार्च को रात 08 बजकर 20 मिनट पर होगी। अगले दिन 30 मार्च को रात 09 बजकर 13 मिनट पर इसका समापन होगा। उदया तिथि को देखते हुए रंग पंचमी का पर्व 30 मार्च 2024 को मनाया जाएगा। इस दिन देवताओं के साथ होली खेलने का समय सुबह 07.46 से सुबह 09.19 बजे तक है।

### रंग पंचमी से जुड़ी मान्यता

मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण अपनी प्रेयसी राधा रानी के साथ होली खेला करते थे। इसके अलावा इस दिन देवी-देवता भी आसमान से फूलों की वर्षा करते हैं, इसलिए रंग पंचमी के दिन हवा में अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा निभाई जाती है। साथ ही रंग पंचमी के दिन श्रीकृष्ण के साथ राधा रानी की पूजा की जाती है। इस दिन श्रीकृष्ण और राधा रानी को गुलाल अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कई जगहों पर रंग पंचमी के दिन जुलूस निकाले जाते हैं, जिसमें हुरियारे अबीर गुलाल उड़ाते हैं।

## आपका राशिफल 29 मार्च

**मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृषभ** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या** — पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-

**धनु** — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-6-7-8

**कुंभ** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय का इन्तजार करें। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

यह दैनिक **श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स** के लिए **मुद्रक-प्रकाशक** श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे ने श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स, प्लाट नं. 7 इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 और प्लाट नं. डी- 222/1/बी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआइडीसी, शिरवने, डी. वाई. पाटील स्टेडियम के सामने, मुंबई-पुणे हाइवे, नेरुल (पूर्व), नई मुंबई, थाने - 400706 में मुद्रित कर 215, दूसरा माला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 में प्रकाशित किया। **संस्थापक : स्व. मुरलीधर अनंता शिंगोटे, संपादक : श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे, कार्यकारी संपादक : श्रीनारायण तिवारी*** (*पी.आर.बी. अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी।) ■ इस अंक में प्रकाशित हुई खबरों व लेखों में व्यक्त मतों से संपादक / संचालक सहमत ही होंगे ऐसा नहीं। R. N. I. No. 64822/96 ■ दूरध्वनी : (022) 27618843 ■ E-mail- yashobhumi@gmail.com ■ **मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे, नाशिक और अहमदनगर से एक साथ प्रकाशित**

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**अमेठी। भाषा** जिले के फुरसतगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह टहलने निकले पिता-पुत्र की अज्ञात वाहन से टक्कर लगने पर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फुरसतगंज थाना क्षेत्र के निगोहा गांव के मोहम्मद अतीक (65) और उनके पुत्र मोहम्मद सईद (35) सुबह टहलने निकले थे, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दोनों को गम्भीर हालत में रायबरेली जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### छह लोगों को 15 साल की सजा

**कौशांबी। भाषा** जिले की एक अदालत ने एनडीपीएस के एक मामले में छह लोगों को दोषी ठहराते हुए 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शशांक खरे ने बताया कि विशेष अदालत की न्यायाधीश पूर्णिमा प्रांजल ने 2016 के एनडीपीएस मामले में शेषनाथ यादव, अभिनंदन चौबे, रवि यादव, विनीत कुमार जयसवाल, अक्षय कुमार पटेल और मुन्ना यादव को दोषी ठहराते हुए उन्हें 15 साल की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी के खिलाफ एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों के संबंध में मई 2016 में जिले के पुरामुफ्ती पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### चरस के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**बहराइच। भाषा** भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा चौकी पर सशस्त्र सीमा बल एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार की सुबह एक नेपाली नागरिक को करीब साढ़े सात किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि रूपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी के संयुक्त जांच अभियान के दौरान नेपाल के रूकुम जनपद निवासी सयपुरा बुधा नामक एक युवक के पास सात किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

### आग लगाने का आरोप लगाकर युवक को पीटा

**प्रतापगढ़। एजेंसी** कुंडा थाना क्षेत्र के नगरियापुर रैयापुर गांव निवासी सदाशिव ने पुलिस को तहरीर दी है कि 25 मार्च की रात करीब आठ बजे पड़ोस के खेत में रखे छप्पर में आग लग गई। वह शोर मचाते हुए आग बुझाने गया, तो गांव के लोग भी आ गए। तभी गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और आग लगाने का आरोप लगाते हुए उसे पीटने लगे। सदाशिव का आरोप है कि बचाने दौड़ी मालती देवी पत्नी प्रेमनाथ को भी पीटा, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित सदाशिव की तहरीर पर पुलिस ने शंकरलाल, करुणेश, रमेश, महेश, चन्द्रकेश, रत्नेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**जौनपुर। एजेंसी** ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल वृद्ध की बुधवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। सिकरारा थाना क्षेत्र के बरईपार-सिकरारा मार्ग पर भुवाखुर्द गांव के पास बुधवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आने से हरिरामपुर गांव निवासी चंद्रपाल विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेजवाया था, जहां देर रात इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। बताया जाता है कि पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है।

# श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

**वाराणसी। एजेंसी**

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में गुरूवार को दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर के गेट नंबर चार से लेकर गलियों में भी

**आम दिनों में भी लाखों लोगों की जुट रही भीड़**

**नियंत्रित करने में पुलिस के छूट रहे पसीने**

देखी गई। गलियों में श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने में पुलिस अफसरों के पसीने छूट गए। यह देख स्थानीय लोग भी भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस अफसरों की मदद में जुट गए। गौरतलब हो कि दिव्य और भव्य काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से ही दरबार में पूरे देश के



शिवभक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। त्योहारों को छोड़कर आम दिनों में भी ढ़ाई से तीन लाख लोगों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही है। दरबार में श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड तोड़ आगमन से मंदिर के आय में भी दुगुना से अधिक वृद्धि हो रही है। काशी में बढ़ रहे पर्यटकों के कारण पर्यटन उद्योग सहित होटल और ट्रैवेल व्यवसाय में भी बूम है। मंदिर प्रबंधन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में बाबा विश्वनाथ दरबार में 58 करोड़ 51 लाख 45 हजार 58 रुपये का चढ़ावा आया था। यह चढ़ावा वित्तीय वर्ष 2021-22 से

**दिव्य और भव्य काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से ही दरबार में पूरे देश के शिवभक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। त्योहारों को छोड़कर आम दिनों में भी ढ़ाई से तीन लाख लोगों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही है। दरबार में श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड तोड़ आगमन से मंदिर के आय में भी दुगुना से अधिक वृद्धि हो रही है।**

दोगुना से भी अधिक है। मंदिर के आय में वृद्धि का प्रतिशत 191.31 रहा था। मंदिर प्रशासन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल आय 20 करोड़ 14 लाख 56 हजार 839 रुपये थी।

# आग से 5 घरों की गृहस्थी जलकर राख

**अग्निकांड में मासूम की जलकर मौत**

**मृत बच्ची की मां को दिए जाएंगे चार लाख रुपए**

**कौशांबी। एजेंसी**

मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहस्यमय हालत में लगी आग से 5 घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। अग्निकांड में एक 5 साल की मासूम जिंदा जल गई। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस व दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। सिराथू तहसील के फैजीपुर गांव में दशरथ पुत्र भूस्सु का परिवार रहता है। दशरथ गांव में दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का गुजर-बसर करता है। होली के मद्देनजर दशरथ के घर उसकी बेटी फूलकली पत्नी स्व. उमेश कुमार निवासी झलवा थाना धूमनगंज प्रयागराज अपनी 2 बेटियों अनुष्का (5) व नमिता (6 माह) के साथ आई हुई थी। बुधवार की शाम परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे। अनुष्का और नमिता घर में सो रही थीं। इसी बीच रहस्यमय



तरीके से आग लग गई। आग ने विकराल रूप लेकर घर को अपनी चपेट में ले लिया, तो लोगों को जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने आग के बीच घिरी नमिता को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन अनुष्का घर के अंदर आग में घिरकर जिंदा जलकर मर गई। दशरथ के घर से आग ने विकराल रूप लेकर गांव के राजेश, नरेश, राकेश, भैयालाल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

**अनुष्का घर के अंदर आग में घिरकर जिंदा जलकर मर गई। दशरथ के घर से आग ने विकराल रूप लेकर गांव के राजेश, नरेश, राकेश, भैयालाल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना पर थाना मंझनपुर पुलिस व दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।**

## पूर्व विधायक विजय मिश्र की एक अरब 13 करोड़ की संपत्ति जब्त



**भदोही। एजेंसी**

पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की चल-अचल संपत्ति को जब्त करने का सिलसिला जारी है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश

**जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुई कार्रवाई**

पर गुरुवार को नई दिल्ली और प्रयागराज में तीन बहुमंजिला इमारत को कुर्क किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत एक अरब 13 करोड़ 05 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यान ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट सभाराज सिंह ने 15 मार्च को पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की दिल्ली स्थित दो और प्रयागराज स्थित एक संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया था। भदोही पुलिस ने दिल्ली और प्रयागराज पुलिस से संपर्क कर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर तीनों संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। जो संपत्तियां कुर्क की गयीं हैं, वह सभी आपराधिक कृत्यों के जरिए हासिल की गई थीं। नई दिल्ली स्थित अपने बेटे विष्णु मिश्र, दामाद हरिशंकर मिश्र और बेटी सीमा मिश्र के नाम यह संपत्ति खरीदी थी, जिसकी क़ीमत 78 करोड़ रुपये है। वहीं, जनपद प्रयागराज में साकेत अस्पताल के नाम से संचालित इमारत को भी कुर्क किया गया है।

## वंदे भारत के ठहराव की उठी मांग

**जौनपुर। एजेंसी**

अयोध्या धाम एवं काशी के मध्य में स्थित शाहगंज जंक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग सामाजिक व राजनीतिक लोगों ने उठाई है। इस संबंध में 12 सूत्रीय मांग पत्र रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है। भाजपा के मंडल महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल स्टेशन अधीक्षक विरेन्द्र कुमार यादव से मिला। पत्र में कहा गया है कि आजमगढ़, आम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर और जौनपुर जनपद की सीमा पर स्थित शाहगंज जंक्शन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह वाराणसी और अयोध्या धाम के ठीक मध्य में है। चार जनपदों के रेल यात्री यहां से यात्रा प्रारम्भ करते हैं। लिहाजा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का यहां कामर्शियल स्टापेज आवश्यक है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सुल्तानपुर। एजेंसी**

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गडौली के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थाना क्षेत्र के सुदनापुर गांव निवासी कुलदीप (21) पुत्र शिवसरन मोतिगरपुर क्षेत्र स्थित एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह

**बाइक से लौट रहा था घर**

अपने परिजनों के साथ पुलिस लाइन स्थित आवास में रहता था। बुधवार की रात वह बाइक से टांडा- बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग



के रास्ते घर लौट रहा था। रात करीब नौ बजे वह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गडौली गांव के करीब पहुंचा था कि वाहन की चपेट में आने से कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

## इस बार लोगों को ज्यादा सताएगी गर्मी

**वाराणसी। एजेंसी**

मौसम में पिछले दस दिन से तेजी से बदलाव हुआ है। दिन में तेज धूप होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इस बार अलनीनो का असर देखने को मिल सकता है। इस कारण गर्मी लोगों को ज्यादा सताएगी और बारिश भी समय से शुरू हो जाएगी। मार्च महीने की शुरुआत में मौसम ठंडा रहा। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। अब सुबह से ही तीखी धूप हो रही है। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

# कुएं में मिली लापता युवक की लाश

**अमेठी। एजेंसी**

जिले में गुरुवार को एक युवक की लाश कुएं में मिली। पुलिस ने उसकी शिनाख्त 22 दिन से लापता चल रहे पित्तरदीन (45) के रूप में की है। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। जायस कोतवाली क्षेत्रांतर्गत राजापुर मजरे बेलवा हसनपुर गांव निवासी पित्तरदीन छह मार्च की शाम 06 बजे अपने घर से ससुराल गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बछलन का पुरवा मजरे एंघी जाने के लिए निकला था, लेकिन न तो वह ससुराल पहुंचा और न ही वापस घर लौटा। घर और ससुराल दोनों पक्षों ने लापता पित्तरदीन को ढूंढने का

**हत्या की आशंका**



प्रयास किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को 10 मार्च को ही लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस नहीं सुनी, तब परिजनों ने डीएम और एसपी से मिलकर शिकायत की।

# कपड़े की दुकान में लगी आग

**जौनपुर। एजेंसी**

पिलकिछा चौराहे पर संचालित श्रेया क्लाथ स्टोर में बुधवार की देर रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी, जिसमें लगभग तीन लाख का कपड़ा जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक, डिहिया गांव निवासी रमेश कुमार की पिलकिछा चौराहे पर वर्षों से कपड़े की दुकान संचालित है। बुधवार की शाम रोज की तरह वह दुकान बंद कर घर चले गए। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात लगभग साढ़े दस बजे के करीब अगल-बगल के दुकानदारों को उनकी दुकान से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। इसकी सूचना रमेश को दी गई। वह भागता हुआ दुकान पर

**लाखों का सामान जलकर राख**



पहुंचा और शटर खोला, तो भीतर का नजारा देखकर सहम उठा। दुकान में रखे कपड़ों से आग की लपटें उठ रही थीं। मौके पर जुटे लोगों ने पानी फेंककर आग को काबू में किया। अगलगी में चार लाख से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सुल्तानपुर। भाषा**

जिले के मोतिगरपुर क्षेत्र में बुधवार की रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश घायल हो गया। उसे गिरफ्तार

**पेट्रोल पंप पर हुई लूट के मामले में था वांछित**

कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मोतिगरपुर क्षेत्र में बुधवार की रात नियमित निरीक्षण के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस दल पर गोली चलायी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक इनामी बदमाश



के पैर में गोली लगी और दूसरा बदमाश अखंड प्रताप अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। उसे जयसिंहपुर क्षेत्र में पुलिस ने घेरकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल हुए बदमाश की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के निवासी मान सिंह के रूप में हुई है। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह ने बताया कि मान सिंह और उसका साथी अखंड प्रताप एक पेट्रोल पंप पर हुई लूट के मामले में वांछित थे।

## अलग-अलग हादसे में तीन घायल

**प्रतापगढ़। एजेंसी** कुंडा नगर पंचायत के रजनपुर मोहल्ला निवासी छोटेलाल सरोज का 45 वर्षीय बेटा रोशनलाल सरोज वाहन की टक्कर से घायल हो गया। ऊगापुर मनगढ़ गांव निवासी अजमत अली का 35 वर्षीय बेटा वाहन की टक्कर से घायल हो गया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अवसानगंज निवासी जियालाल सरोज का 35 वर्षीय बेटा ओम प्रकाश सरोज वाहन की टक्कर से घायल हो गया।

# हत्या में शामिल शूटर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़। एजेंसी**

पट्टी कस्बे में हुई फर्नीचर व्यापारी की हत्या में शामिल शूटर कल्लू डॉन को पुलिस ने गुरुवार को बीबीपुर नहर पुलिया के पास

**25 हजार रुपए का घोषित था इनाम**

से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त 312 बोर का तमंचा बरामद कर उसे जेल भेज दिया गया। कल्लू डॉन पर एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पट्टी कस्बे के बाईपास पर बेटे को कॉलेज पहुंचाने जा रहे फर्नीचर व्यापारी 45 वर्षीय नईम



की 21 मार्च की सुबह 9:30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपित नईम का नाबालिग बेटा, पीयूष पाल, शुभम सोनी और प्रियांशु मिश्र उर्फ गोली को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हत्या में प्रकाश में आए मुख्य शूटर पट्टी के ही अनदेवरी निवासी स्पन्दीप यादव उर्फ कल्लू डॉन और चंदुआ पट्टी कंधई के आकाश गुप्ता फरार थे। एसपी सतपाल अंतिल ने दोनों पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। स्वॉट टीम प्रभारी सुनील यादव, कोतवाल आलोक सिंह ने गुरुवार को शूटर स्पन्दीप यादव उर्फ कल्लू डॉन को बीबीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र। एजेंसी**

राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि हाइडिल कालोनी निवासी राहुल पासवान शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भपात ठहर जाने के बाद बुखार की दवा के बहाने गर्भ गिरवा दिया। इस मामले में पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

## मेले की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव व डीजीपी ने की समीक्षा



**अयोध्या। प्रतिनिधि**

श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व रामनवमी मेले

**सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश**

की तैयारी को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंदिर परिसर में अधिकारियों और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने कहा कि राम जन्म भूमि की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के पूर्व दोनों उच्च अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## 43 ग्राम पंचायतें हो चुकी हैं टीबी मुक्त

**आजमगढ़। एजेंसी**

सीएमओ कार्यालय सभागार में गुरुवार को गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. आईएन तिवारी ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त करना है। जिले की 43 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के अंतर्गत सभी कर्मचारी एक हजार की जनसंख्या पर कम से कम 30 लोगों की बलगम जांच कराएं, जिससे पीड़ितों का उपचार किया जा सके और ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो सकें। सीएमओ ने कहा कि सभी सुपरवाइजर टीबी कार्यक्रम से सभी सीएचसी के अधिकारियों को सक्रिय रूप से जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें। बिना उनके सहयोग से टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।

## युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**गाजीपुर। एजेंसी**

शहर कोतवाली क्षेत्र के बहरमियां गांव के तालाब में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाया और आसपास के लोगों से शिनाख्त कराई। लोगों ने बताया कि 24 वर्षीय गौरव बिंद पुत्र राम निवास बिंद मिश्रवलिया का रहने वाला था। वह होलिका दहन वाले दिन से ही गायब था। बहरमियां गांव के अंतिम छोर पर स्थित पोखरे के पास गुरुवार की सुबह लोग टहलने गए, तो शव उतराया देखा।

# नवरात्र में इस बार घोड़े से होगा मां दुर्गा का आगमन

**वाराणसी। एजेंसी**

आगामी 09 अप्रैल मंगलवार से शुरू हो रहे वासंतिक चैत्र नवरात्र में इस बार आदि शक्ति मां दुर्गा का आगमन घोड़े से होगा। घोड़े से माता के आगमन का संकेत देश

**देश और समाज में बड़े बदलाव का संकेत**

और समाज के लिए अच्छा नहीं माना जाता। माना जा रहा है कि इससे देश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्राकृतिक आपदा की संभावना बनी रहेगी। शिव आराधना समिति के संस्थापक डॉ. मृदुल मिश्र बताते हैं कि नवरात्र में माता जगदम्बा अलग-अलग वाहनों से आती हैं। माता रानी का वाहन इस बात का संकेत देता है कि देश और समाज के लिए आने वाला समय कैसा रहने वाला है। घोड़े से आना युद्ध का प्रतीक भी माना जाता है।



सियासी गलियारों में भी उठापटक देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार और शनिवार के दिन जब भी नवरात्र की शुरुआत होती है, तो माता घोड़े पर सवार होकर धरती पर आती हैं। बुधवार से नवरात्र की शुरुआत होने पर माता दुर्गा नाव से आती हैं। गुरुवार और शुक्रवार से नवरात्र की शुरुआत होने पर जगदम्बा का आगमन डोली से होता है। इसी तरह रविवार और सोमवार को शुरुआत होने पर हाथी से माता का आगमन होता है। वासंतिक चैत्र नवरात्र इस बार पूरे नौ दिन का है। पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरू होता है। इस साल प्रतिपदा तिथि 8 अप्रैल की रात्रि में लगभग 11 बजकर 51 मिनट से शुरू हो जाएगी, लेकिन

**नवरात्र में माता जगदम्बा अलग-अलग वाहनों से आती हैं। माता रानी का वाहन इस बात का संकेत देता है कि देश और समाज के लिए आने वाला समय कैसा रहने वाला है। घोड़े से आना युद्ध का प्रतीक भी माना जाता है। मंगलवार और शनिवार के दिन जब भी नवरात्र की शुरुआत होती है, तो माता घोड़े पर सवार होकर धरती पर आती हैं।**

उदया तिथि की मान्यता के अनुसार चैत्र नवरात्र का आरंभ 9 अप्रैल को ही होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्नीचर की गोदाम में लगी भीषण आग

**जालौन। एजेंसी** एट थाना व कस्बा के कोंच रोड स्थित विनोद बाबू के फर्नीचर की गोदाम है। बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते गोदाम में आग लग गई। जिससे उसमें रखा सामान जलने लगा। आग की लपटों को देख वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना दमकल टीम व थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

### हादसे में घायल गार्ड की मौत

**आगरा। एजेंसी** जिले में दो दिन पहले कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल युवक को एसएन मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसा न्यू आगरा थाना क्षेत्र के खंदारी फ्लाईओवर पर हुआ था। सिकंदरा के केके नगर निवासी विनोद सिंह भदौरिया (52) सुरक्षा गार्ड थे। परिजन ने बताया कि मंगलवार शाम वह पत्नी के साथ बाइक से बल्केश्वर गए थे। विनोद कुछ जरूरी काम से वहां रुक गए। उनकी पत्नी घर आ गईं। रात करीब 8 बजे लौटते समय गलत दिशा से आई कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। बुधवार तड़के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**फिरोजाबाद। एजेंसी** थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने बुधवार की रात्रि में तीन दिन पूर्व मासूम बालिका को अगवा कर उससे दुष्कर्म के आरोपी जाकिर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 25 मार्च को एक महिला ने अपनी सात वर्षीय भतीजी का अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने एवं उसके साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में बालिका बदहवास हालत में पड़ी मिली थी। पुलिस ने बलिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया था।

### रेलवे ट्रैक पर युवक का पैर कटा शव मिला

**झांसी। एजेंसी** पूंछ थानान्तर्गत बड़ैरा रेलवे क्रासिंग के पास झांसी-कानपुर रेल लाइन पर युवक की लाश क्षत-विक्षत देखी गई। ट्रेन की चपेट में आने से मृतक के पैर कट चुके थे। मौके पर पहुंचे लोगों ने मृतक की शिनाख्त 22 वर्षीय अंशु उर्फ आशीष सविता के रुप में की। बताया गया कि वह पूंछ थाना क्षेत्र के कस्बे में रहता था, साथ ही बाल काटने वाले की दुकान पर काम करता था। परिजनों के अनुसार बीती शाम वह घर से निकाला था। इसके बाद लौटकर घर नहीं आया। परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने खोजबीन शुरु कर दी। अभी खोजबीन चल ही रही थी कि गुरुवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि रेलवे लाइन पर युवक की लाश मिली है।

### 1.78 करोड़ घोटाले में आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। एजेंसी** लखीमपुर खीरी की क्राइम ब्रांच टीम ने वर्ष 2022 से फरार अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। दिनेश कुमार सिंह के विरुद्ध थाना मैलानी में गंगा प्रसाद प्रबंधक उप्र राज्य खाद्य ने सरकारी धनराशि गबन करने समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना थाना मैलानी से होने के बाद अपराध शाखा को स्थानांतरित की गई थी। मूलरूप से कुशीनगर जिले का रहने वाला दिनेश कुमार सिंह जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में रहता है। वह वर्ष 2022 में ब्लाक बाकेगंज में गोदाम प्रभारी के रूप में नियुक्त रहा था।

# एक वोट ने आस्था को सम्मान दिलाया

**लखनऊ। भाषा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को जनता से मतदान की अपील

**एक वोट की कीमत के बारे में समाज को बताना है**

**मुजफ्फरनगर में महीनों कर्फ्यू लगता था**

करते हुए कहा कि उसका एक वोट देश की तकदीर बदल सकता है। आदित्यनाथ ने कहा कि पहले इसी एक वोट के गलत हाथों में जाने पर मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा होता था और बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिले इसी एक वोट ने आस्था को सम्मान दिलाया है। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरनगर में भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में कहा, 'आप देखिएगा कि आपके एक वोट की कीमत कितनी होती है। आपका एक वोट जब गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में महीनों कर्फ्यू लगता था। आपका एक वोट सही हाथों में गया तो मुजफ्फरनगर आज कर्फ्यू नहीं बल्कि कांवड़ यात्रा के लिए जाना जाता है। आदित्यनाथ ने अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में पिछले दिनों होली खेले जाने का जिक्र करते हुए कहा, होली का एक गीत 'होली खेले रघुवीरा



अवध मा' सुन कर हर साल हमें दुख होता था कि होली खेलने के लिए भगवान राम का आह्वान तो हो रहा है लेकिन राम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर हैं ही नहीं। 500 वर्ष बाद आपके एक वोट ने आपकी आस्था को सम्मान दिला दिया।' उन्होंने तंज करते हुए पूछा कि क्या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा (समाजवादी पार्टी), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस के लोग करा पाते? मुख्यमंत्री ने कहा, आपका एक वोट जब गलत हाथों में जाता था तो वह गलत हाथ रंगदारी वसूलता था। लेकिन एक वोट सही हाथों में, सही पार्टी को गया तो अब रंगदारी नहीं वसूली जाती बल्कि अब पीएम सम्मान निधि के माध्यम से फुटकर विक्रेताओं और व्यापारियों के लिए भी कर्ज के रास्ते खुले

**आपका एक वोट जब गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में महीनों कर्फ्यू लगता था। आपका एक वोट सही हाथों में गया तो मुजफ्फरनगर आज कर्फ्यू नहीं बल्कि कांवड़ यात्रा के लिए जाना जाता है।**

हुए हैं। उन्होंने भाजपा से जुड़े प्रबुद्ध वर्ग का आह्वान करते हुए कहा, आपको एक वोट की कीमत के बारे में समाज को बताना है। यह भी बताना है कि एक ओर परिवार पहले है तो दूसरी ओर देश पहले है। यही अंतर नरेन्द्र मोदी को अलग पहचान दिलाता है और इस पहचान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आपको लोगों के बीच जाना है। मुख्यमंत्री ने किसान बहुल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता से कहा कि 'किसानों के मसीहा' पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' सम्मान बहुत पहले मिल जाना चाहिये था लेकिन किसान पिछली सरकारों की एजेंडें में था ही नहीं। उन्होंने कहा, 'चौधरी साहब को यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। उन्होंने किसानों के साथ जुड़ाव जताते हुए उनके लिए चलाई जा रही सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया।

# गुरुद्वारे के डेरा कारसेवा प्रमुख की गोली मारकर हत्या

**देहरादून/रुद्रपुर । भाषा**

उत्तराखंड में नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के कारसेवा डेरा प्रमुख की दो बाइक सवार हमलावरों ने बृहस्पतिवार को तड़के गुरुद्वारा परिसर में गोली

**केंद्रीय एजेंसियों की भी मदद ली जाएगी-एसपी**

**तफ्तीश के लिए विशेष जांच दल का गठन**

मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ ने संवाददाताओं को बताया कि गोली लगने से घायल बाबा तरसेम सिंह को खटीमा के एक अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'हमारे पास हमलावरों की (सीसीटीवी कैमरे की) वीडियो है, जिसमें वे साफ दिख रहे हैं। वे दोनों सिख गुरुद्वारे में प्रवेश करते हैं और फिर वे सिंह को राइफल से गोली मार देते हैं। उन्होंने बताया कि गोली मारने वाला शख्स बाइक



पर पीछे बैठा था। एसएसपी ने बताया, 'कुर्सी पर बैठे सिंह को दो गोली मारी गईं। पहली गोली सामने से और दूसरी गोली पीछे से मारी गई। सिंह जमीन पर गिर गए।' उन्होंने कहा कि घटना के बाद वे फरार हो गए।

नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा सिखों के लिए श्रद्धेय स्थान है जो राज्य के उधम सिंह नगर जिले में रुद्रपुर-टनकपुर मार्ग पर स्थित है। मंजूनाथ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि सुबह करीब सवा छह बजे हमलावर

उन्होंने बताया कि डेरा कारसेवा प्रमुख के हमलावरों को पकड़ने के लिए आठ पुलिस दलों को काम पर लगाया गया है।

# वरुण ने पीलीभीत वासियों को लिखा भावुक पत्र

**लखनऊ। भाषा**

पीलीभीत लोकसभा सीट से इस बार टिकट न मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को एक भावुक

**मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं और मेरे दरवाजे आपके लिए हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। - वरुण**

पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा है कि पीलीभीत के लोगों के साथ उनका रिश्ता आखिरी सांस तक रहेगा। बृहस्पतिवार को लिखे गए इस पत्र को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए वरुण ने कहा कि एक सांसद के रूप में उनका कार्यकाल भले ही खत्म हो रहा हो मगर पीलीभीत से उनका रिश्ता आखिरी सांस



तक रहेगा। भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर अपनी ही सरकार के खिलाफ कई बार मुखर रहे वरुण गांधी का टिकट काटकर उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री और पूर्व सांसद जितिन प्रसाद को पीलीभीत से उम्मीदवार बनाया है। जितिन प्रसाद ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पहले माना जा रहा था कि वरुण पीलीभीत से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन बुधवार को

**पीलीभीत से रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं होगा**

नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन भी उन्होंने पर्चा दाखिल नहीं किया, जिसके बाद उनके इस सीट से चुनाव लड़ने की तमाम अटकलों पर विराम लग गया। उन्होंने पीलीभीत वासियों को लिखे पत्र में इस क्षेत्र से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा, 'आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं तो यादों ने मुझे भावुक कर दिया है।

### प्रेमिका की हत्या

**जालौन। एजेंसी**

जनपद के आटा थाना क्षेत्र में प्रेमी ने बुधवार की रात एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया। उसने मामूली बात पर उम्र से बड़ी महिला प्रेमिका को जंगल में ले जाकर कुल्हाड़ी से काट डाला। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपी को कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया। आटा थाना क्षेत्र में उर्मिला (50) अपने प्रेमी जितेंद्र (32) के बीच प्रेम- प्रसंग चल रहा था।

# मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दिया स्मृति चिन्ह

**लखनऊ। प्रतिनिधि**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी यात्रा का शुभारंभ है।



मिश्र ने उ.प्र. सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 12 कार्मिकों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण और स्मृति चिन्ह भेंट किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को जीवन की नई पारी के लिए मंगलकामनायें देते हुए कहा कि आप सभी को शासकीय सेवा में रहकर पुण्य प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे शरीर का धर्म कर्म है। जब तक हम कर्म करेंगे हमारा शरीर चलता रहेगा। जिस दिन हम कर्म से मुक्त हो जाएंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

**रामपुर। एजेंसी**

पटवाई थाना क्षेत्र के निस्बा गांव में बीकाम की छात्रा पूनम (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। मां गंगा देवी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह बेटी कमरे से सोकर नहीं उठी तो उसे देखने के लिए पहुंची। कमरे के दरवाजे में कुंडी लगी हुई थी जबकि खिड़की खुली हुई थी। आवाज देने के बाद अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद खिड़की से देखा तो बेटी बदहवास हालत में थी। बेटी को बिस्तर पर इस हालत में देख मां की चीख पुकार मच गई। बेटी को उठाने की कोशिश करने लगी। लेकिन वह नहीं उठी। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता पूनम की मौत हो चुकी थी। चीख-पुकार सुनकर पास में सो रहा बड़ा लड़का भारत पहुंच गया। उसने कमरे के गेट को खोला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी।

### बलात्कार के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**बाराबंकी। भाषा**

बाराबंकी जिले के फतेहपुर क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति को अपनी बेटी के साथ खेल रही छह साल की एक बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बच्ची को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बृहस्पतिवार को यहां बताया कि फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम छह साल की एक बच्ची अपने पड़ोस में रहने वाले आनंद उर्फ सोनू नामक व्यक्ति की बेटी के साथ घर के बाहर खेल रही थी।

# दक्षिण के राज्यों में योगी माडल को लेकर उत्सुकता

**लखनऊ। प्रतिनिधि**

वॉटर वुमेन के नाम से मशहूर उत्तर प्रदेश की बेटी शिप्रा पाठक ने अयोध्या से रामेश्वरम तक 3,952 किमी की पदयात्रा के

**अयोध्या से रामेश्वरम तक की पदयात्रा करने वाली वाटर वूमेन का अनुभव**

उपरांत अपने अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने इस बात पर सबसे ज्यादा हर्ष व्यक्त किया कि योगी आदित्यनाथ का यूपी माडल दक्षिण के राज्यों में भी लोकप्रिय है। कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे प्रांतों में योगी माडल के प्रति लोगों में काफी उत्सुकता देखने को मिलती है। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि योगी आदित्यनाथ के यूपी के मुख्यमंत्री होने के कारण आज प्रदेश की बेटियों के मन में सुरक्षा की भावना पैदा हुई है। यूपी की बेटियों में सबसे ज्यादा इस बात को लेकर भरोसा पैदा हुआ है कि उनके साथ अगर कुछ भी गलत होता है तो महाराज जी के भय से उनकी सुनवाई हर कहीं होगी। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश के पर्यायवाची बन चुके हैं। सरयू से सागर तक जाने वाली राम



जानकी वन गमन पथ की भारत की प्रथम पदयात्री वॉटर वूमन शिप्रा पाठक ने यात्रा की शुरुआत 27 नवंबर को राम नगरी अयोध्या से की थी। राम नाम के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में पड़ने वाले राम वन गमन पद चिन्ह के साथ साथ चलकर 11 मार्च को उनकी यात्रा रामेश्वरम पहुंची।

### सड़क हादसे में दंपति की मौत

**रामपुर । एजेंसी**

खुजरिया क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी संपतराम वाल्मीकि पत्नी रामवती के साथ बाइक से घर जा रहे थे। सहोड़ा गांव के पास डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। खजुरिया थाने के चौकीदार कनकपुर गांव निवासी संपतराम वाल्मीकि अपनी पत्नी रामवती देवी के साथ बरेली में साले से होली मिलने गए थे। वह होली मिलकर देर रात अपने घर कनकपुर आ रहे थे। रास्ते में जिला बरेली थाना शीशगढ़ के सहोड़ा गांव में स्थित आरा मशीन के पास हाईवे पर तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने एंबुलेंस को फोन कर घायलों को राजश्री अस्पताल भिजवाया। डाक्टरों ने जब घायल दंपति को देखा तब तक संपतराम की मौत हो चुकी थी। गंभीर घायल रामवती को बरेली के राधिका अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजनों के अनुसार उपचार के दौरान एक घंटे बाद उसकी भी मौत हो गई। परिजन संपतराम के शव को रात में ही घर ले आए। रामवती का शव दोपहर तक घर नहीं आया। दंपति के दो पुत्र व दो पुत्री हैं।

# दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**मथुरा। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए गुरुवार से जनपद मुख्यालय पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं

**प्रत्याशियों ने खरीदे 20 नामांकन पत्र**

किया। गुरुवार को भाजपा व बसपा प्रत्याशियों सहित पांच पंजीकृत पार्टियों व 10 निर्दलीय प्रत्याशियों ने 20 नामांकन पत्रों की खरीद की। जिलाधिकारी कार्यालय में गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई।

पहले दिन सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी व सांसद हेमामालिनी के लिए उनके प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने नामांकन पत्रों के दो सेट खरीदे। मध्यान्ह में बसपा प्रत्याशी कमल कांत उपमन्यु बसपा नेताओं के साथ स्वयं नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे। उन्होंने नामांकन पत्रों के दो



सेट खरीदे। राष्ट्रीय समता विकास पार्टी के विष्णु शर्मा ने दो नामांकन पत्र, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी ने दो, बहुजन मुक्ति पार्टी ने दो नामांकन पत्र खरीदे। गोवर्धन निवासी एक संत सहित 10 निर्दलीय प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र खरीदे। आज कुल 20 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मथुरा लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। यह प्रक्रिया चार अप्रैल को अपरान्ह तीन बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। मतदान 26 अप्रैल को होना है। उन्होंने बताया कि नामांकन की सभी प्रक्रिया के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कार्यालय के न्यायालय कक्ष को निर्धारित किया गया है।

### पांच गिरफ्तार

**हरिद्वार। एजेंसी**

आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र से 05 नशा तस्करों गुड्डू कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी सैनिक विहार ब्लाक नगला तासी सरदना बाइपास थाना कंकर खेड़ा मेरठ हाल पता निवासी चमगादड़ टापू हरिद्वार बताया।

# राज्यपाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सुधारों के लिए दिए निर्देश

**लखनऊ। प्रतिनिधि**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय

**प्रस्ताव का अवलोकन किया**

में गुणवत्तापूर्ण सुधारों हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया और व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्यपाल राजभवन में तैनात अधिकारियों के साथ राजभवन में चल रहे निर्माण कार्यों तथा यहां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुधार हेतु पूर्व निर्देशों की समीक्षा कर रही थीं। इस क्रम में राज्यपाल ने स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए समुचित कुर्सी, मेज, बेंच,



कम्प्यूटर कक्ष और कम्प्यूटर सेट, स्मार्ट क्लास, खेल के सामान और भोजन सामग्री के लिए स्टोर रूम, पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय, खेल का मैदान, प्रार्थना सभा का स्थान जैसी स्कूल के लिए आवश्यक तमाम व्यवस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निर्देश दिए।

# 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री पर रोक

**गौतमबुद्ध नगर । भाषा**

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद गौतमबुद्ध नगर जिले में 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर रोक का आदेश जारी कर

**एक अप्रैल से यह नियम लागू हो जाएगा**

दिया गया है और जिला प्रशासन के आदेश का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विपिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर रोक लगाई गई



है और जिनके पास पहले से इन नस्लों के कुत्ते हैं उन्हें उनकी नसबंदी करानी होगी। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से यह नियम लागू हो जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कुत्तों की जिन नस्ल पर प्रतिबंध लगाया है उनमें पिटबुल टेरियर, रॉटविलर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडाग, बोएरबोएल, कांगल, ओवचाकी की दो नस्ल, कोकेशियन शेफर्ड डाग, सप्लार्निनैक, जापानी टोसा, अकिता, मास्टिफ्स, इओटवीलर, कैनेरिया, रोडेशियन रिजबैक, अक्बाश, वोल्फ डाग, मास्को गार्ड, केन कोरो और टॉर्नजैक आदि शामिल हैं।

# लखनऊ में आयोजित हुआ मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम

**लखनऊ। प्रतिनिधि**

कैंट विधानसभा स्थित बूथ संख्या 301, पिगरी छोटी लाल कुर्ती सदर कैंट में आयोजित मोदी परिवार- बूथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। वही ऐशबाग में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, गोमतीनगर में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, फैजुल्लागंज में उत्तर विधायक डा. नीरज बोरा, पूर्वी विधानसभा में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि होली का त्यौहार रंगों के साथ जीवन में खुशहाली समृद्धि लेकर



आता है इस बार पार्टी द्वारा मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें परिवार के एक-एक सदस्य से मिलकर मोदी का राम-राम कहना है। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम भाजपा लखनऊ

**कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी**

महानगर द्वारा बड़े स्तर पर चल रहा है जिसमें पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि अपने-अपने बूथ पर बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों व वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं और घर- घर जाकर होली के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से लोगों को राम-राम कह कर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार के कर्मचारी ने की आत्महत्या

**रांची। भाषा** राज्य राजधानी में झारखंड सरकार के 46 वर्षीय एक कर्मचारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ज्योति प्रकाश का शव टैगोर हिल रोड स्थित उनके फ्लैट में पंखे से लटका हुआ मिला। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने कहा कि प्रकाश मंगलवार की रात फ्लैट में अकेले थे क्योंकि होली के अवसर पर उनके परिवार के सदस्य बाहर थे। मंडल ने कहा कि जब परिवार के सदस्य बुधवार सुबह घर पहुंचे, तो फ्लैट अंदर से बंद था, जिसके कारण दरावाजा तोड़ा गया और उन्होंने प्रकाश को छत के पंखे से लटका पाया।

### लापता बच्ची का शव बरामद, 4 गिरफ्तार

**बेतिया। एजेंसी** पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में 8 साल की मासूम बच्ची का शव बरामद हुआ है। शव मिलने के बाद से ही पूरा इलाका तनावपूर्ण हो गया है। आरोपियों के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। परिजनों ने बच्ची के फुफेरे भाई पर दुराचार करने के बाद बच्ची की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना से गुस्साये लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क पर आग लगा दी। महिलाएं भी सड़क पर उतर गई और आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रही हैं। बच्ची पिछले दो दिनों से लापता थी।

### जेपी कारा में डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

**हजारीबाग। एजेंसी** हजारीबाग के जेपी केंद्रीय में गुरुवार की सुबह डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव की सुरक्षा के मद्देनजर की गयी। जेल में सात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और एक सौ से अधिक पुलिस कर्मियों ने डेढ़ घंटा तक सभी वार्डो में सर्च किया। इस दौरान कैदी वार्ड, हॉस्पिटल, कैंटीन, बैरक एवं अन्य जगहों पर निरीक्षण किया गया। पुलिस के अनुसार जेल में कैदियों के वार्ड एवं अन्य स्थानों से कोई भी घातक सामान मिलने की सूचना नहीं है।

### पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल

**रांची। भाषा** पूर्व सांसद और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रहे रामटहल चौधरी बृहस्पतिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। चौधरी भाजपा के टिकट पर रांची से पांच बार लोकसभा सदस्य रहे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद वह भाजपा से अलग हो गए थे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने चौधरी का पार्टी में स्वागत किया।

### चोरों ने घर से लाखों का सामान चुराया

**गिरिडीह। एजेंसी** गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पटेल नगर में चोरों ने राजदेव रजक के घर को निशाना बनाया। रजक ने मुफस्सिल थाना पुलिस को आवेदन देकर चोरी की घटना का उद्भेदन करने की मांग की। राजदेव रजक का कहना है कि होली में पूरा परिवार अपने पैतृक गावं चतरा गये हुए थे, उसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। उनका कहना है कि 8 लाख के जेवरात, नगदी समेत कई कीमती सामान चोरी हो गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पटेल नगर में उनका अपना मकान है। होली में पूरा परिवार अपने पैतृक गांव चतरा स्थित देवरी गांव गया हुआ था।

# राजग और इंडिया गठबंधन के तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए

**पटना। भाषा**

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तीन उम्मीदवारों और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कई उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीट के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र

**राजद ने एकतरफा उम्मीदवार उतारकर सबको चौंका दिया**

दाखिल किये। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी (गया), विवेक ठाकुर (नवादा) और अरुण भारती (जमुई) ने भाजपा नेतृत्व वाले राजग के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बिहार की सबसे बडी विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवारों -अभय कुशवाहा (औरंगाबाद), अर्चना रविदास (जमुई) और कुमार सर्वजीत (गया) ने भी नामांकन पत्र दाखिल किये। राजद 'इंडिया' गठबंधन का एक हिस्सा है। 'इंडिया' गठबंधन द्वारा सामूहिक तौर सीट बंटवारे की घोषणा किए बिना ही बिहार में लगभग एक दर्जन सीट पर राजद ने एकतरफा उम्मीदवार उतारकर सबको चौंका दिया है।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने जिन सीट पर टिकट दिया है, उनमें औरंगाबाद भी शामिल है। औरंगाबाद से कांग्रेस के पूर्व सांसद निखिल कुमार को चुनावी मैदान में उतारे जाने की चर्चा थी, लेकिन राजद ने जदयू से पाला बदलकर आए अभय कुशवाहा को उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतार दिया है। औरंगाबाद से मौजूदा भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख 79 वर्षीय जीतन राम मांझी ने प्रदेश भाजपा प्रमुख और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू मंत्री श्रवण कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान जैसे सहयोगियों की उपस्थिति में आरक्षित गया सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जमुई (आरक्षित सीट) जाने से पहले राजग नेताओं ने इस अवसर पर आयोजित एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया।

**हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख 79 वर्षीय जीतन राम मांझी ने प्रदेश भाजपा प्रमुख और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू मंत्री श्रवण कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान जैसे सहयोगियों की उपस्थिति में आरक्षित गया सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।**

## जीतनराम मांझी के नामांकन में दिखी एनडीए की एकजुटता



# लालू प्रसाद के लिए आरक्षण का मतलब अपना परिवार : सम्राट चौधरी

**गया। एजेंसी**

सम्राट चौधरी ने फिर दोहराया कि लालू के लिए आरक्षण का मतलब अपना

**तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बना दो**

परिवार होता है। पहले उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। फिर उन्होंने देखा कि तेजस्वी यादव क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं और पानी ढो रहे हैं तो उनको उपमुख्यमंत्री बना दो। दूसरा बेटा (तेज प्रताप यादव) हरे राम, हरे कृष्ण करता है, इसलिए इसको भी मंत्री बना दो। गुरुवार को गया लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार जीतनराम मांझी के नामांकन के बाद गांधी मैदान में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने ये बातें कहीं। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए



सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि अब लालू यादव ने अपनी दोनों बेटियों (मीसा भारती और रोहिणी आचार्य) को चुनाव लड़ाने की बात कही है। एक बेटी (मीसा भारती) को रामकृपाल यादव ने चुनाव हार दिया था। अब एक और बेटी (रोहिणी आचार्य) को छपरा से चुनाव लड़ा रहे हैं। राज्य के उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि लालू प्रसाद ने 15 साल के शासनकाल में 1990 से लेकर 2005 तक बिहार में किसी गरीब को आरक्षण नहीं दिया। चाहे वह महादलित हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, लेकिन अपने परिवार को उन्होंने आरक्षण देने का काम किया है।

**राज्य के उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि लालू प्रसाद ने 15 साल के शासनकाल में 1990 से लेकर 2005 तक बिहार में किसी गरीब को आरक्षण नहीं दिया।**

## मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार के चार मामले सामने आए

**मुजफ्फरपुर। एजेंसी**

बिहार के मुजफ्फरपुर में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे वैसे चमकी बुखार (एईएस) के मामले सामने आने लगे हैं। अब

**दो बच्चों में एईएस की पुष्टि**

**पीकू वार्ड में हो रहा इलाज**

तक दो बच्चों में एईएस की पुष्टि हो चुकी है। हर साल इसका प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। इस साल भी गर्मी बढ़ने के साथ ही मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार का कहर तेज होने लगा है। जिले में फिर दो बच्चों में एईएस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही जिले में चमकी बुखार से जुड़े मामलों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। चमकी बुखार से पीड़ित दो बच्चों को संक्रमण के बाद मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में बच्चों का इलाज चल रहा है। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में हीटवेव को लेकर आशंका जतायी है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में 3 गिरफ्तार

**रामगढ़। भाषा**

झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार को तीन लोगों ने 16 वर्षीय एक लड़की का कथित तौर पर अपहरण करके उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने कहा कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लड़की की मां द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई। यह घटना रामगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के सीताका में उस समय घटी जब लड़की अपने घर में अकेली थी। पुलिस ने कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## होली मिलन में चाकूबाजी, दो सगे भाई घायल

**पलामू। एजेंसी**

मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में देवी मंडप के पास होली मिलन कार्यक्रम के दौरान जमकर चाकूबाजी हुई,

**पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार**

जिससे दो सगे भाई घायल हो गए। इनमें से एक को बेहतर इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। हालांकि उसका इलाज मेडिका में चल रहा है। उसके सीने की नश कट गयी है। युवक की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। जख्मी युवकों में सिंगरा खुर्द के गुंजन शुक्ला और धीरज शुक्ला पिता विजय



शुक्ला हैं। गुंजन शुक्ला को रेफर किया गया है। एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान धीरज शुक्ला एवं उसके साथ आए गांव के अन्य लोगों ने घटना की पूरी जानकारी दी और पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया। पुलिस के अनुसार सिंगरा खुर्द में देवी मंडप के पास सोमवार की रात होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## कपिलेश्वर के निधन पर मंत्री ने जताया शोक

**सहरसा। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व महामंत्री कपिलेश्वर मिश्र के निधन पर बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने शोक जताया है। मंत्री बबलू ने बुधवार को पटुआहा स्थित उनके घर पहुंच संवेदना जताते कहा कि कपिलेश्वर मिश्र के निधन से भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लगातार पार्टी को सींचने का काम किया है। इन जैसे लोगों के परिश्रम के कारण ही आज भाजपा इस मुकाम पर है।

## झामुमो अपने सिद्धांतों से भटक गई है, भ्रष्टाचार में लिप्त: सीता सोरेन

**रांची। भाषा**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झामुमो 'अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और 'अबकी बार 400 पार' के अपने लक्ष्य

**14 लोस. सीट पर जीत हासिल करेगी**




को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। सीता सोरेन ने कहा कि जब तक मेरे पति दुर्गा सोरेन (अब दिवंगत) पार्टी में थे झामुमो सही दिशा में जा रही थी, लेकिन अब वह अपने सिद्धांतों और नीतियों से भटक गई है। झामुमो अब दलालों के हाथों में है और भ्रष्टाचार में लिप्त है। सीता सोरेन ने दावा किया कि उनके पति ने झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया।

## जमीनी विवाद में एक परिवार पर 12 लोगों ने किया हमला

**पूर्णिया। एजेंसी**

पूर्णिया के डगरूआ थाना क्षेत्र के रजबेलि गांव में एक परिवार पर 12 लोगों ने हमला कर उनके घर एवं दुकान को लूट लिया। सभी घायलों को पूर्णिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक संजय महाल्दार

**पांच घायल, एक गंभीर**

की स्थिति नाजुक है। घायल राजकुमार महलदार की पत्नी सुधा देवी ने बताया की सभी घायल लोगों में संजय महलदार, राजकुमार महलदार,हीरालाल महादार, परमानंद महलदार, सुमित महलदार हैं। सुधा देवी ने बताया कि इस घटना को शिवशंकर यादव, अधिकलाल यादव, सुपिन यादव, गुलशन यादव, आरती देवी, पुष्पा देवी, रेणु देवी,मिथिलेश यादव, विवेक



यादव, रिंका कुमारी, गुनगुन कुमारी, अमित यादव लगभग बीस आदमी के साथ आए और मारपीट किया तथा जबरदस्ती घर उजाड़कर अपना घर चढ़ा लिया। दुकान एवं घर लूट लिया। हम लोग घर छोड़कर भाग आएं हैं।

## रिश्वत मामले में सिविल सर्जन को 3 साल का सश्रम कारावास

**पटना । एजेंसी** रोहतास जिले के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ.अशोक कुमार को स्पेशल विजिलेंस कोर्ट पटना ने 3 साल सश्रम कारावास और 10 हजार जुर्माने की सजा दी है। जुर्माने की राशि नहीं जमा करने पर एक महीना और जेल में रहना पड़ेगा। एक मामले में तीन साल की सजा दी गयी है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। डॉ.अशोक कुमार को साल 2015 में 24 मार्च को विजिलेंस ब्यूरो की छापेमारी टीम ने एक लाख नगद रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। लगभग 8 साल की सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। डॉक्टर ने एडिशनल स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक कर्मी की फाइल को आगे बढ़ाने के लिए 1 लाख घूस की मांग की थी।

## नाबालिग को जिंदा जलानेवाले को उम्रकैद

**दुमका। एजेंसी**

झारखंड की उपराजधानी दुमका के जरूवाडीह में 17 वर्षीया नाबालिग को पेट्रोल

**51 लोगों की हुई थी गवाही**

**खिड़की से पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी**

छिड़ककर जिंदा जला देनेवाले चर्चित पेट्रोलकांड में अदालत ने गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई की। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की



अदालत ने दोषी शाहरुख हुसैन और मो नईम अंसारी उर्फ छोटू को उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला अगस्त 2022 का है। 19 मार्च को अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। दुमका जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो न्यायालय के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत में 4 बजे से सजा के बिंदु पर सुनवाई शुरू हुई। इससे पहले 3.16 बजे मृतका की बहन और जीजा कोर्ट पहुंच गए थे। उसके पहले पिता भी कोर्ट पहुंच गए थे। ठीक 3.58 बजे सेंट्रल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों की पेशी 4 बजे हुई।

## हत्या मामले में 4 गिरफ्तार



**पलामू। एजेंसी**

चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को डबल मर्डर और मंगलवार को एक युवक की हुई हत्या मामले में

**अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार आरोपी**

शामिल महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पिता-पुत्र भी शामिल हैं। कई आरोपित अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। डबल मर्डर के साजिशकर्ता श्यामा चौधरी ने आत्मसमपर्ण कर दिया है। राजेश साव और सुजीत भुइयां हत्याकांड में राजा सिंह (20) एवं कविता देवी (36) को गिरफ्तार किया गया है। राजेश और सुजीत की हत्या में साजिश रचने में कविता देवी की संलिप्तता पाई गई है। इसी तरह राजा सिंह को हत्याकांड में शामिल रहने पर डालटनगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को हुई मनोज चौधरी हत्या मामले में उसके चचेरे भाई अजय चौधरी (28) और उसके पिता सुरेश उर्फ नन्हक चौधरी (60) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों कल्याणपुर के रहने वाले हैं।

## राजभवन से हरी झंडी के बावजूद शिक्षा विभाग की बैठक में नहीं पहुंचे वीसी

**पटना। एजेंसी**

बिहार शिक्षा विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी के कुलपतियों एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठक सह दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम स्थगित कर दिया गया है।

**केके पाठक से नाराजगी**

पटना के एक होटल में 28 और 29 मार्च को यह कार्यक्रम होना था। मगर गुरुवार को किसी भी विश्वविद्यालय के वीसी ने इसमें शिरकत नहीं की। कुलपतियों की गैरहाजिरी को देखते हुए विभाग ने यह बैठक स्थगित कर दी। खास बात यह है कि इस बैठक में शामिल होने के लिए राजभवन की ओर से हरी झंडी भी मिल गई थी। इसके बावजूद यूनिवर्सिटी के



पदाधिकारियों ने विभाग के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटी के वीसी एवं अन्य पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक से नाराज हैं। पाठक ने पिछले दिनों विभाग की बैठक में नहीं आने पर वीसी एवं अन्य पदाधिकारियों का वेतन रोक दिया था।

## पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

**नवादा । एजेंसी**

जिले के काशीचक में शराब बिक्री की सूचना पर जब पुलिस टीम मधेपुर गांव के पासवान टोला छापेमारी करने पहुंची तो धंधेबाजों ने हमला कर दिया। शराब माफियाओं के जानलेवा हमले में थानाध्यक्ष समेत 4 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए।

## आज तेजस्वी सीट बंटवारे का ऐलान करेंगे

**पटना। एजेंसी** बिहार में आरजेडी, कांग्रेस और तीन वामपंथी दल सीपीआई-माले, सीपीआई और सीपीएम के महागठबंधन में पहले चरण का नामांकन खत्म होने के बाद लोकसभा सीटों का बंटवारा तय होता दिख रहा है। महागठबंधन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है जिसमें घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का ऐलान होगा।

## भाजपा 13 और आजसू एक सीट पर लड़ेगी चुनाव

**रांची। भाषा**

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए झारंखड में भाजपा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के बीच सीटों का तालमेल हो गया है। भाजपा जहां राज्य की 13 सीट पर चुनाव लड़ेगी, वहीं आजसू एक सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करेगा।

**प्रधानमंत्री के संकल्प को मजबूत करेगा**

## रंगदारी व फिरौती मांगने के मामले में फरार नक्सली गिरफ्तार

**गिरिडीह। एजेंसी**

बेल पर जेल से बाहर आए नक्सली को रंगदारी व फिरौती मांगने के मामले में

**पुलिस ने लुप्पी गांव से गिरफ्तार किया**

गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर बेंगाबाद पुलिस ने गुरुवार को लुप्पी गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद जमुई जिले के चकाई थाने की पुलिस दलबल के साथ बेंगाबाद थाना पहुंची और नक्सली को सुरक्षित अपने साथ लेकर चली गई। गिरफ्तार



नक्सली मुसन दास उर्फ महेन्द्र दास के खिलाफ चकाई थाना में मवेशी कारोबारी से रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है, जबकि नक्सली मामलों में भी उसके खिलाफ चकाई थाने में मामला दर्ज होने के बाद वह जेल में बंद था। कुछ वर्षों से बेल पर बाहर निकलने के बाद फिर से फिरौती व रंगदारी मांगने में सक्रिय था। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के लुप्पी गांव निवासी स्व राधेश्वर दास के पुत्र मुसन दास उर्फ महेन्द्र दास का संबंध नक्सली संगठन से होने के कारण चकाई थाना में कांड संख्या 66/15 के तहत केस दर्ज हुआ था।

# मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं-रवीना टंडन

एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं, और शो में मेरा किरदार तन्वी भी ऐसी ही है। 'पटना शुक्ला' के साथ उस केमिस्ट्री को पर्दे पर लाने से मेरी अपने बच्चों से जुड़ी कुछ यादें ताजा हो गईं। मुझे यकीन है कि दर्शक तन्वी और उनके बेटे की दोस्ती को महसूस करेंगे। शो 'पटना शुक्ला' में नजर आने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा कि वह अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इससे अपने अपकमिंग शो में अपने ऑन-स्क्रीन बेटे के साथ रिश्ता बनाने में मदद मिली। तन्वी शुक्ला का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन ने कहा, फिल्म में एक सीन है जहां तन्वी का बेटा अपना लंचबॉक्स भूल जाता है, वह उसे पहुंचाने के लिए स्कूल बस का पीछा करती है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा दृश्य है जिससे हर मां जुड़ाव महसूस करेगी। उन्होंने कहा, हर घर में सुबह व्यस्तता रहती है, लेकिन एक मां उस अव्यवस्था को तोड़कर अपने बच्चों के लिए आगे आती है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने व्यक्तिगत रूप से तब किया है जब मेरे बच्चे स्कूल जाते थे।



# बचपन में इस एक्ट्रेस ने झेले थे बहुत दर्द

अपनी एक्टिंग से सभी को दीवाना बनाने वाली, अपनी स्माइल से लाखों लोगों का दिल धड़काने वाली इस एक्ट्रेस को की मुस्कान के पीछे के दर्द के बारे में किसी को नहीं पता था। एक्ट्रेस के चेहरे पर जितनी स्माइल रहती थी उसके पीछे उतना ही दर्द था। इनका बचपन बहुत ही मुश्किल में बीता था। ये एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं लेकिन मजबूरी ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। घर की खराब हालत की वजह से उन्हें एक्ट्रेस बनना पड़ा था। आपको बता दें कि ये एक्ट्रेस कोई और नहीं रेखा हैं। एक्ट्रेस जितनी लग्जीरियस लाइफ जीती हैं उन्होंने उतनी ही कठिनाइयां जिंदगी में झेली हैं। अपने बचपन के बारे में रेखा ने खुद खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि मैं काफी छोटी थी जब मेरे पिता हमे छोड़कर चले गए थे। जिसके बाद उन्हें परिवार की जिम्मेदारी उठानी पड़ी। रिपोर्ट्स की मानें तो रेखा की मां को जुए की लत लगी हुई थी। जिसके बाद उनका परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गया था। पेट पालने के लिए रेखा को पढ़ाई छोड़कर काम करने के लिए घर से बाहर निकलना पड़ा था। उन्हें एक्टिंग की तरफ जाना पड़ा था जबकि रेखा एक्ट्रेस नहीं एयर हॉस्टेज बनना चाहती थीं ताकि वो पूरी दुनिया की सैर कर सकें। रेखा अपनी मां से बेहद प्यार करती थीं। उनकी मां के साथ एक बचपन की फोटो है।



# ‘वह और आदित्य रॉय कपूर सिर्फ दोस्त नहीं हैं’-अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने कहा, 'हम सिर्फ दोस्त नहीं बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। मुझे नहीं लगता कि इस बारे में बात करने के लिए बहुत कुछ है।' स्ट्रीमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' में नजर आने वाली एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने कहा कि वह और आदित्य रॉय कपूर 'सिर्फ दोस्त नहीं' हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में नेहा धूपिया द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' के छठे सीजन में देखा गया, जहां उन्होंने 'आशिकी 2' के एक्टर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। शो के प्रोमो में अनन्या और नेहा को आदित्य के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। जहां अनन्या कहती हैं कि वह और आदित्य सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। नेहा धूपिया ने कहा, मुझे कृति सेनन की दिवाली पार्टी में एक तस्वीर खींचने का मौका मिला और लोगों ने उसे जूम करके देखना शुरू कर दिया। क्या आप उस पल के बारे में बात करना चाहती हैं?'नो फिल्टर नेहा' सीजन 6 हर गुरुवार को नए एपिसोड के साथ जियो टीवी और जियो टीवी प्लस पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# सेट पर यूं मस्ती करते थे सलमान-ऐश्वर्या





फिल्म के स्टार्स अजय, सलमान और ऐश्वर्या भी भरपूर मेहनत करते दिखते हैं और साथ में मस्ती करते भी नजर आते हैं। इसके साथ ही दिखती है सलमान और ऐश्वर्या की जबरदस्त केमेस्ट्री। आपको बता दें कि ये वो समय था जब सलमान खान और ऐश्वर्या राय करीब थे और दोनों के अफेयर की चर्चा हर ओर थी। फिल्म में भी उनकी केमेस्ट्री साफ नजर आई। इस बीटीएस वीडियो में भी आप उस केमेस्ट्री को देख सकते हैं। एक दूसरे के साथ एन्जॉय करते हुए सलमान और ऐश्वर्या ने फिल्म में जान डाल दी थी। खबरों के अनुसार ऐश्वर्या से अलग होने के बाद एक बार सलमान फिल्म के सॉन्ग तड़प-तड़प को सुन कर सच में रो पड़े थे। बॉलीवुड की कल्ट मूवी 'हम दिल दे चुके सनम' को रिलीज हुए 24 साल से अधिक का समय बीत चुका है। फिल्म में सलमान खान, अजय देवगन और ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी एक्टिंग के हुनर से दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म दर्शकों के साथ ही क्रिटिक्स को भी पसंद आई। फिल्म के डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने जिस तरह सिनेमा की भव्यता को दिखाया, ऐसा पहले नजर नहीं आया था। फिल्म का एक बीटीएस वीडियो वायरल हो रहा है, जो आपको फिर से उन दिनों में ले जाएगा। इस बिहाइंड द सीन वीडियो में फिल्म के मेकिंग के दौरान ढेरों अनदेखे लम्हें नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक-एक सीन को परफेक्शन देने के लिए संजय लीला भंसाली अपनी जी जान लगा रहे हैं।

# करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म ने कमा डाले इतने रुपए

करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की बहुचर्चित फिल्म क्रू इस शुक्रवार यानी कल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब क्रू की एडवांस बुकिंग को देख लग रहा है कि करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। ताजा आंकड़े के अनुसार क्रू एडवांस बुकिंग में अब तक 70-80 लाख रुपये की कमाई कर चुकी है। अब तक करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की इस फिल्म की कुल 30209 टिकट एडवांस बुकिंग में बिक चुकी हैं। इन तीनों एक्ट्रेस के फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में क्रू की एडवांस बुकिंग शुरू हुई, जिसमें करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिलता दिखाई दे रहा है। फिल्म क्रू ने रिलीज से पहले ही लाखों रुपये की कमाई कर ली है। बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे खूब पसंद किया गया है। खास बात यह है कि यह तिनों एक्ट्रेस पहली बार किसी फिल्म में साथ दिखाई दे रही हैं। ऐसे में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन के फैंस क्रू को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। क्रू में इन तीनों के अलावा पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ और कॉमेडियन कपिल शर्मा भी दिखाई देने वाले हैं। 'क्रू' राजेश ए. कृष्णन निर्देशित, बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क की मच अवेटेड फिल्म है। क्रू फिल्म का बजट लगभग 40-50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। एडवांस बुकिंग को देखते हुए फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन काफी मायने रखता है।



# फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल



अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं।'चाहे 'दंगल' की गीता फोगाट हो या 'सैम बहादुर' में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। 2016 में आमिर खान स्टारर 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में 'लूडो', 'अजीब दास्तां', 'थार', 'धक धक' और 'सैम बहादुर' जैसी शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती।'एक्ट्रेस जल्द ही 'मेट्रो.. इन दिनों' और 'उल जलूल इश्क' में नजर आएंगी।

# बालों के टेक्सचर के हिसाब से हेयर ऑयल: जानिए एक्सपर्ट की सलाह

**बालों को स्वस्थ रखने के लिए हम अक्सर बालों की मसाज करते हैं। जिससे बालों को पोषण मिले और वे कम झड़ें। लेकिन कई बार हम यह भूल जाते हैं कि जो तेल हम अपने बालों में इस्तेमाल करते हैं वह हमारे बालों की बनावट के अनुसार उपयुक्त नहीं है।**

डॉक्टर मानसी ने इसका एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। आपको बता दें कि वह एक डमेटॉलॉजिस्ट हैं जो अक्सर ऐसे वीडियो शेयर करती रहती हैं। आइए आपको यह भी बताएं कि आप अपने बालों की बनावट के अनुसार कौन सा तेल इस्तेमाल कर सकते हैं।



### घुंघराले बालों के लिए तेल

घुँघराले बाल बहुत बुरे लगते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे बहुत शुष्क हो जाते हैं और उड़ते हुए दिखाई देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप किसी विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही सही तेल का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप नारियल तेल या आर्गन ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह घुंघराले बालों के लिए उपयुक्त है। यह बालों की स्कैल्प को पोषण देता है और उन्हें रेशमी चमकदार बनाता है। आपको भी इस तरह के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। बालों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आप चाहें तो सप्ताह में 1 से 2 बार हल्की मालिश करें।



### दोमुहे बालों के लिए तेल

यदि आपके बाल अत्यधिक दोमुंहे हैं, तो उन्हें ठीक करने के लिए अपने बालों पर अंगूर के बीज का तेल और एवोकैडो तेल का उपयोग करें। यह बालों में पिंपल्स की समस्या को दूर करता है। यह तेल आपको बाजार में मिल जाएगा। जिसे आप अपने पूरे बालों पर इस्तेमाल कर सकते हैं और उन्हें स्वस्थ रख सकते हैं।

### रूसी के लिए तेल

बदलते मौसम के कारण डैंड्रफ होना बहुत आम बात है। इसे ठीक करने के लिए हम अक्सर तरह-तरह के उत्पादों और तेलों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन डॉक्टर का कहना है कि डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको तेल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जिसके कारण बालों में यह समस्या बढ़ जाती है। आप इसके बदले इलाज करा सकते हैं। जिससे बाल स्वस्थ रहते हैं।

# सुस्ती, आलस और बिगड़ी नींद है बीमारियों का घर! एक्सपर्ट से जानें इसके नुकसान

**व्यक्ति का रहन-सहन सेहत पर सबसे अधिक प्रभाव डालता है, इसपर कई सारी रिसर्च भी हो चुकी हैं। एक तरफ कुछ लोगों की भागदौड़ की वजह से नींद उड़ी हुई है तो दूसरी तरफ इक ऐसे भी लोग हैं जिनमें सुस्ती और आलस इतना है कि पूरा दिन सोते हुए बिता देते हैं।**

नींद न आने के बहुत कारणों का ज़िक्र हम पहले के लेख में कर चुके हैं पर आज यहां मनिपाल अस्पताल मिलर्स रोड में पल्मोनोलॉजी की कंसल्टेंट, डॉ. वसुनेथरा कासरगोड से जानेंगे ज्यादा नींद आनेऔर दिनभर सुस्ती के कारणों के बारे में, उन्होंने इसके कारण और नुकसान दोनों का जिक्र किया है।

### गतिहीन जीवनशैली के कारण मशीनों पर निर्भरता

जैसे-जैसे समाज आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मिलने वाली सहूलियतें जीवनशैली को ज्यादा गतिहीन बनाती जा रही है। तभी तो लोग मशीनों और गैजेट्स पर अधिक निर्भर भी हो रहे हैं।

### वर्क फ्रॉम होम कल्चर

वहीं गतिहीन जीवनशैली का एक कारण महामारी भी है जिसने वर्क फ्रॉम होम के कल्चर को बढ़ावा दिया, इसका नतीजा यह हुआ कि घर से ऑफिस तक जाने वाले लोग जो थोड़ा बहुत एक्टिव रहते थे वो बिल्कुल कम हो गया।

### डेस्क जॉब

लंबे समय तक एक जगह बैठे रहकर काम करना भी एक शरीर के सक्रिय न रहने की बड़ी वजह है। व्यक्ति बिना ब्रेक के एक ही जगह कई घंटों तक बैठा रहता है, जिससे न सिर्फ बेली फैट जैसी समस्या सामने आती है बल्कि सुस्ती भी बढ़ती है।

### अन्य कारक

खराब खाने-पीने की आदतें, व्यायाम न करना, चिंता का स्तर बढ़ना आदि ये सब गतिहीन जीवनशैली में योगदान दे रहे हैं।

### गतिहीन जीवनशैली के कारण नींद के नुकसान


नींद एक ऐसी अवस्था है जो शरीर और दिमाग दोनों की जरूरत है। कम से कम 7-9 घंटे की नींद सामान्य तौर पर पर्याप्त है। हालांकि, यह हर एक व्यक्ति पर निर्भर करता है। गतिहीन जीवन इनसोम्निया या नींद न आने जैसी स्थिति पैदा कर सकता है।

मरीज अक्सर दिन में थकान, कार्य कुशलता में कमी, फोकस कम होना, सुस्ती, ज्यादा या कम नींद और मूड डिसऑर्डर जैसे लक्षणों की शिकायत लेकर आते हैं।

मोटापे और गतिहीन जीवनशैली से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण समस्या ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (ओएसए) है। यह गर्दन की परिधि के आकार में बढ़ने की वजह से होता है जिसके परिणामस्वरूप ऊपरी वायुमार्ग के भीतरी व्यास के आकार में कमी देखने को मिलती है। इसके साथ ही, कई मरीज खराटों, दिन में ज्यादा नींद आने, सुस्ती और रातभर जागने, रात में सोते समय दम घुटने और सुबह सिर दर्द की शिकायत भी करते हैं।

ओएसए इस हद तक गंभीर है कि इससे सोते समय ब्लड ऑक्सीजन सैचुरेशन में गिरावट भी देखने को मिलती है। इससे हृदय गति में भिन्नता और बीपी बढ़ने की समस्या होती है। इसके अलावा, अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, असामान्य हृदय गति, स्ट्रोक, अनियंत्रित मधुमेह और कभी-कभी हृदय गति रुकना जैसी जटिलताओं का खतरा बढ़ता है।

ओएसए का निदान नींद अध्ययन या पॉलीसोम्नोग्राफी करके किया जा सकता है। स्लीप एपनिया के लिए सोते समय निरंतर सकारात्मक वायुमार्ग दबाव (सीपीएपी) मशीनों के रूप में उपचार की आवश्यकता होती है।



# अचानक निकल आए हैं शरीर पर दाने? ये इस खतरनाक बीमारी का लक्षण

**शरीर पर दाने निकलना एक आम समस्या मानी जाती है। कई लोग इसको नजरअंदाज भी कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना सेहत पर भारी पड़ सकता है। अगर आपके शरीर पर अचानक बहुत सारे दाने निकल गए हैं तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।**

यह स्किन की एक खतरनाक बीमारी हो सकती है। जिसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। डॉक्टरों के मुताबिक, शरीर पर अचानक दाने निकलना सेबोरहाइक डर्माटाइटिस बीमारी का लक्षण होता है। आइए इस बीमारी के बारे में जानते हैं। सेबोरहाइक डर्माटाइटिस स्किन में होने वाली एक खतरनाक बीमारी है। जिन लोगों की स्किन में सूजन ज्यादा होती है या स्किन में किसी तरह की एलर्जी हो जाती है तो इस तरह की समस्या होती है। सेबोरहाइक डर्माटाइटिस की समस्या नाक, पीठ, छाती और कान के आसपास होती है। शरीर के इन हिस्सों में दाने निकलने लगते हैं। अगर समय पर इस समस्या का इलाज न हो तो मरीज की स्थिति बिगड़ने का खतरा रहता है।



### क्यों होती है सेबोरहाइक डर्माटाइटिस

दिल्ली के आरएमएल हॉस्पिटल में त्वचा विज्ञान विभाग के पूर्व डॉ। भावुक धीर बताते हैं कि इस बीमारी के होने का कोई एक कारण नहीं है। लबे समय से बनी हुई कोई स्किन एलर्जी, किसी तरह का मेंटल स्ट्रेस या स्किन पर किसी साबुन या केमिकल के साइड इफेक्ट्स की वजह से ऐसा होता है। कुछ लोग कई सालों से दवाएं खा रहे होते हैं। अगर इन दवाओं में सोरालेन और लिथियम ज्यादा होता है तो भी सेबोरहाइक डर्माटाइटिस की समस्या हो सकती है। इसकी शुरुआत में स्किन में पपड़ी वाले पीले और लाल दाने निकलने लगते हैं। ये दाने शुरू में हल्के होते हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ते रहते हैं। इन दानों में खुजली भी होने लगती है। डॉ धीर बताते हैं कि सेबोरहाइक डर्माटाइटिस को रूसी, सेबोरहाइक एक्जिमा और सेबोरहाइक सोरायसिस भी कहा जाता है। ये बीमारी बच्चों में भी होती है।

### क्या होते हैं लक्षण

- आपकी खोपड़ी, बाल, भौहें, दाढ़ी या मूंछ पर रूसी होना
- शरी पर सफेद या पीले रंग की पपड़ी होना
- दाने जो भूरी या काली त्वचा वाले लोगों में गहरे या हल्के दिख सकते हैं
- अंगूठी के आकार के (कुंडलाकार) दाने निकलना

### कैसे करें बचाव

- स्किन की केयर करें
- अगर शरीर में ज्यादा डैंड्रफ की समस्या है तो इलाज कराएं
- खानपान का ध्यान रखें
- रोजाना एक्सरसाइज करें।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 61

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | 18 | | ■ | 19 | 20 |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | 23 | | |
| ■ | 24 | | | | ■ | 24 | |

**बाएं से दाएं :**
1. सरोवर, तालाब
4. मुसलमानों की ईश प्रार्थना
7. कै, उल्टी
8. आनेवाला तथा बीता दिन
9. गझिन
10. सूर्य, दिनकर
11. विवश, लाचार
13. पिता के छोटे भाई, काका
14. पायल की निकली आवाज
17. नृत्य कराना
19. बड़ा खेत
21. नर का विलोम
23. शरण
24. खुशबू देना, गमकना
25. सूजी

**ऊपर से नीचे :**
1. जमावड़ा, भीड़
2. लाश
3. मृत्यु के राजा
5. चितकबरा
6. भूकंप, भूडोल
10. जमीन में होने वाली एक सब्जी
11. मंच
12. अगूढ़ चीज की जानकारी लेना
15. एक सुंदर फूलदार वृक्ष
16. मंद
18. होशियार, चतुर
20. चाय की तरह का एक पेय
22. मूल्य, कीमत

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 3 |

### मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएँ और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएँ किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | 3 |
| 3 | 6 | | | 2 | |
| | | 6 | | 5 | 2 |
| 4 | 5 | | 3 | | |
| | 1 | | | 4 | 5 |
| 6 | | 5 | 2 | | |

### छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएँ और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएँ किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 4 | |
| | 2 | | |
| | | | 3 |
| 1 | | 2 | |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 3 |

### सूडोकु नवताल- 61

★★★★☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 9 | | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | 5 | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | 2 |
| | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | |
| 6 | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | 9 | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | | 4 | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### वर्ग पहेली क्र. 60 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | सा | न | ■ | क | म | जो | र |
| ता | ■ | ज | ली | ल | ■ | क | जा |
| ब | द | ला | ■ | म | जा | र | ■ |
| घ | र | ■ | स | का | ल | ■ | मा |
| र | ब | र | ■ | र | सा | त | ल |
| ■ | द | म | न | ■ | ज | ■ | वा |
| भा | र | ■ | जा | न | ■ | रू | ह |
| ला | ■ | श | रा | र | त | ■ | क |

### सूडोकु नवताल- 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# अतीक अहमद के शूटर बल्ली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज। एजेंसी**

उमेश पाल हत्याकांड के मामले में संदिग्ध व माफिया अतीक अहमद के शूटर बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिवेदी ने बालू ठेकेदार को सरेराह तमंचा सटाकर दो लाख रंगदारी मांगी

### सीने में तमंचा निकालकर सटाया

थी। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने बुधवार की रात ताबड़तोड़ दबिश दी। साथ ही देर रात उसे चकिया से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, करेली के नयापूरा के रहने वाले श्याम पाल बालू-गिट्टी के ठेकेदार हैं। बुधवार की शाम वह खुल्दाबाद थाने पहुंचे। बताया कि 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे वह दूध व खोवा लेने जा रहे थे।

चौफटका पुल के नीचे उसे दो लोगों ने जबरन रोक लिया।



उनमें से एक ने खुद को अतीक का शूटर बल्ली पंडित बताया। फिर कहा कि मैंने पहले भी तुम्हें कहलवाया था कि धंधा करना है तो दो लाख रुपये देना पड़ेगा। इतना कहते हुए तमंचा निकालकर उसके सीने में सटा दिया। वादी

**रंगदारी मामला**

**करेली के नयापूरा के रहने वाले श्याम पाल बालू-गिट्टी के ठेकेदार हैं। बुधवार की शाम वह खुल्दाबाद थाने पहुंचे। बताया कि 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे वह दूध व खोवा लेने जा रहे थे। चौफटका पुल के नीचे उसे दो लोगों ने जबरन रोक लिया। उनमें से एक ने खुद को अतीक का शूटर बल्ली पंडित बताया।**

का यह भी कहना है कि डर वश उसने अपने पास मौजूद 20 हजार रुपये आरोपी को दे दिए और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए जान बचाई। घर पहुंचकर उसने परिजनों को जानकारी दी, लेकिन डर वश पुलिस के पास नहीं आ सका।

बुधवार को हिम्मत करके थाने पहुंचा और शिकायत की। मामले की जानकारी पर अफसरों ने अलग-अलग टीमें लगाकर आरोपी की तलाश शुरू कराई। धूमनगंज से लेकर पूरामुफ्ती और खुल्दाबाद में ताबड़तोड़ दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ही देर रात चकिया इलाके से बल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक झोला बरामद हुआ, जिसमें 10 बम मिले।

## बोल्डर गिरने से श्रमिक की मौत

**मिर्जापुर। एजेंसी**

अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनपुर घाटी में गुरुवार की सुबह ट्रक पर बोल्डर लोड करते समय मजदूर फिसलकर गिर गया, उसके ऊपर बोल्डर गिरने से लगी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरिया ग्राम पंचायत में स्थित बिंदान पुरवा निवासी 38 वर्षीय बृजमोहन बिंद पुत्र धनराज बिंद ट्रक पर बोल्डर लोड करने का काम करता था। बोल्डर लोड करने के लिए ट्रक पर पटरा पर चढ़कर जाते समय फिसलकर गिर गया और बोल्डर ऊपर गिर गया, जिससे मजदूर की मौत हो गई। खनन संचालक द्वारा बॉडी घटनास्थल से हटाकर तत्काल मृतक मजदूर के घर भेजवा दिया गया। उसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**गोरखपुर। एजेंसी**

सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फरेंदा कस्बे में शनिचरी ढाला के करीब अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम

### घटना के बाद क्षेत्र में मचा कोहराम

मच गया। जानकारी के मुताबिक, फरेंदा थाना क्षेत्र के आनंद नगर के वार्ड नंबर दो जगदीशपुर निवासी अरमान अली (19), काजू (18) और एक अन्य युवक जैकराव (20) बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे।

अभी कस्बे के शनिचरी ढाला के करीब पहुंचे थे, तभी अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकरा गए, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए, जहां पर दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। तीसरे युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार और थानाध्यक्ष अंकित सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटे थे।

**हादसे में घायल एक युवक की हालत गंभीर**

**फरेंदा थाना क्षेत्र के आनंद नगर के वार्ड नंबर दो जगदीशपुर निवासी अरमान अली (19), काजू (18) और एक अन्य युवक जैकराव (20) बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। अभी कस्बे के शनिचरी ढाला के करीब पहुंचे थे, तभी अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकरा गए, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।**



# कमरे में पकड़े गए प्रेमी-प्रेमिका की कराई शादी

**देवरिया। एजेंसी**

सुरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक साथ कमरे में पकड़े गए प्रेमी-प्रेमिका ने श्रीराम-जानकी मंदिर में बुधवार की शाम शादी रचाई। दोनों परिवारों की मौजूदगी में हुई शादी चर्चा का विषय रही।

### पुलिस के सामने लगवाए सात फेरे

पुलिस का कहना है कि दोनों बालिग हैं। स्वेच्छा से शादी की है। सुरौली थाना क्षेत्र की एक गांव की लड़की खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव में मामा के घर बीते एक दशक से रहकर पढ़ाई करती है। इसके अलावा वह अपनी वृद्ध नानी की देखभाल भी करती थी। इसी बीच ममेरे भाई से उसकी नजदीकियां बढ़ने लगीं। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। एक दिन पहले नानी अपने बड़े दामाद को देखने बीएचयू वाराणसी चली गई। इसी बीच भांजी ने रात में अपने प्रेमी को घर बुला लिया। देर रात जब मामा उठे तो भांजी के कमरे से आवाज सुनाई देने पर वह जाकर देखे तो भांजी के अलावा कमरे में एक युवक भी दिखाई पड़ा। मामा ने तत्काल कमरे में बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद सूचना देकर 112 नंबर पुलिस को बुला लिया। पलभर में ही मौके पर गांव वालों की भीड़ इकट्ठी हो गई। पुलिस ने पहले कमरे में बंद प्रेमी-प्रेमिका



को बाहर निकाला। फिर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। दोनों पक्ष विवाद पर उतारू थे। मामला थाने पर पहुंचने के बाद लड़की के माता-पिता ने शादी का दबाव बनाया, तो पहले प्रेमी के घरवालों ने इन्कार किया, लेकिन जब पता चला कि बेटा जेल चला जाएगा, तो राजी हो गए।

## सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**बलिया। एजेंसी**

जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ाडीह निवासी सीआरपीएफ जवान का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गुरुवार को जैसे ही गांव पहुंचा, लोगों की आंखें छलक पड़ीं। नम आंखों

### नम आंखों से लोगों ने दी अंतिम विदाई

से लोगों ने जवान को अंतिम विदाई दी। सम्मान के साथ जवान के पार्थिव शरीर को सुपुर्दे खाक किया गया। परिजनों और रिश्तेदारों के साथ ही आसपास के लोगों ने श्रद्धांजलि दी। जानकारी के मुताबिक, खेजुरी थाना क्षेत्र के गांव भूड़ाडीह निवासी सीआरपीएफ के जवान अख्तर हुसैन खान (58) 1985 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में सीआरपीएफ में एसआई के पद पर तैनात थे। इस समय उनकी तैनाती रांची में थी। ड्यूटी के दौरान बीमार होने के कारण उनको मुंबई के टाटा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सीआरपीएफ की 95 बटालियन वाराणसी के सहायक कमांडेंट हनुमान सिंह और इंस्पेक्टर दिनेश सिंह यादव के नेतृत्व में जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो घर में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।



## कुएं में मिला युवक का शव

**मिर्जापुर। एजेंसी**

अहरौरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव में स्थित एक कुएं में गुरुवार को शव मिलने की जानकारी से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कुएं से शव निकलवाने के प्रयास में लगी थी। प्रभारी निरीक्षक अहरौरा बृजेश सिंह ने बताया कि गांव के सिवान में स्थित अलगू राम भारती के खेत में स्थित कुएं में शव मिला है। शव को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अहरौरा डीह से कोई व्यक्ति लापता है, उनके परिजन भी मौके पर मौजूद हैं।

# जिलाधिकारी ने किया जलाशय का निरीक्षण

**मिर्जापुर। एजेंसी**

मई-जून में पड़ने वाली भीषण गर्मी में ग्रामीणों को समुचित रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गुरूवार को सोनभद्र जनपद के डोंगिया में स्थित डोंगिया जलाशय

### जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

व लिफ्ट कैनाल का स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित करते हुए कहा कि सोनलिफ्ट कैनाल के अधिकारी समन्वय स्थापित कर डिमांड भेजें, ताकि जून में वर्षा होने तक डोंगिया जलाशय से पेयजल उपलब्ध करने वालों गावों में पानी की दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी ने राजगढ़ विकास खंड के गढ़वा गांव में भ्रमण कर नमामि गंगे पेयजल परियोजना के तहत घरों में किए गए पेयजल आपूर्ति के कनेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने घरों



की महिलाओं से वार्ता कर पानी आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम गढ़वा के 198 घरों में कनेक्शन देकर पानी आपूर्ति की जा रही है।

गांव के मुख्य मजरे से कुछ दूर 10 से 12 घरों में अभी कनेक्शन नहीं हो पाया है। गढ़वा गांव में नमामि गंगे परियोजना के तहत बनाए गए ओवरहेड टैंक व पानी टंकी के लीकेज होने व गुणवत्ता खराब होने की ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। गुणवत्ता खराब देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

# बलात्कार का आरोपी युवक गिरफ्तार

**बलिया। भाषा**



जिले के बैरिया क्षेत्र में एक दलित युवती से बलात्कार के आरोप में उसी के गांव के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बृहस्पतिवार को बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय एक दलित युवती से उसके गांव के ही लगन देव यादव (34) ने गत सात मार्च को बलात्कार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर यादव के विरुद्ध बलात्कार और धमकी देने के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पर्यटन

# उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थल

**काशी विश्वनाथ मंदिर** काशी विश्वनाथ मंदिर भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है। यह मंदिर वाराणसी के शहर में स्थित है और भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर हिंदू धर्म का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हर साल लाखों श्रद्धालु इसे दर्शन करने आते हैं। इस मंदिर का निर्माण काशी नरेश नागर ने कराया था जो मुगल बादशाह अकबर के राज्य में सेवा करते थे। इस मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था और इसे बार-बार विस्तारित और सुधारा गया। मंदिर की सबसे खूबसूरत विशेषता उसके घंटों की सुंदरता है जो सोने से बनाई गई हैं। मंदिर के पास झील भी है जो दर्शनीय है।





**दशाश्वमेध घाट** दशाश्वमेध घाट वाराणसी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह घाट गंगा नदी पर स्थित है और हिंदू धर्म के साथ-साथ भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। यह घाट संस्कृति और धर्म के लिए स्थानीय लोगों और दर्शनार्थियों के बीच बहुत लोकप्रिय है। दशाश्वमेध घाट के नाम का इतिहास महाभारत के अनुसार है। इस घाट के पास ही भगवान राम ने दस अश्वमेध यज्ञ किए थे। यह भारतीय संस्कृति और इतिहास के बहुत बड़े इतिहास के रूप में जाना जाता है। इस घाट पर सैकड़ों के नम्बर में मंदिर और श्रद्धालुओं का जत्था होता है। इसके अलावा, घाट पर आरती का अद्भुत दृश्य भी होता है जो दर्शनार्थियों को आकर्षित करता है। घाट के पास बोट सफारी भी उपलब्ध है जो गंगा नदी के तटों के आसपास घूमने का एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है।

**सारनाथ** सारनाथ भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह गौतम बुद्ध के धर्मचक्र प्रवर्तन (पहला उपदेश) की जगह है, जहां उन्होंने पहली बार बुद्ध धर्म का प्रचार किया था। सारनाथ में बहुत सी प्राचीन धर्मशालाएं, मंदिर, स्तूप और बौद्ध संग्रहालय हैं जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते हैं। सारनाथ धार्मिक महत्व के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

**रामनगर फोर्ट** रामनगर वाराणसी जिले में स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। इस जगह पर एक पुराने किले का निर्माण किया गया था, जिसे भगवान राम के नाम पर रामनगर किला के नाम से जाना जाता है। यह रामलीला महोत्सव के दौरान एक प्रसिद्ध स्थल बन जाता है, जिसे देश और विदेश से लोग देखने आते हैं। इसके अलावा, यहां एक नेशनल म्यूजियम भी है, जहां आपको भगवान राम से संबंधित वस्तुएं देखने को मिलेंगी।

**काशी घाट** काशी घाट वाराणसी का सबसे प्रसिद्ध और भारत में सबसे पवित्र घाट है। यह घाट गंगा नदी पर स्थित है और अन्य घाटों की तुलना में सबसे व्यस्त और भीड़-भाड़ से भरा हुआ है। काशी घाट पर हर दिन नौकायन और दीपदान का अभियान चलता है। इससे इस घाट का नाम दीपदान घाट भी हुआ है। यह धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व का केंद्र है जहां लोग अपने पूर्वजों के नाम पर पिंडदान करते हैं और अपनी पूजा-अर्चना करते हैं।

**बनारस हिंदू विश्वविद्यालय** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी शहर में स्थित एक विश्वविद्यालय है। इसे 1916 में पंडित मदन मोहन मालवीय ने स्थापित किया था। इस विश्वविद्यालय में कई विभाग हैं जैसे कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, इंजीनियरिंग, आदि। इसके अंतर्गत कुल मिलाकर लगभग 140 विभाग हैं। इस विश्वविद्यालय के पास अपना एक अस्पताल भी है, जिसका नाम श्री कल्याण अस्पताल है।




**टुर्स ॲण्ड ट्रॅव्हल्स**

**देशपांडे ट्रॅव्हल्स**

बुकिंग के लिए अंतिम दिनांक - १ अप्रैल

**डलहौसी धर्मशाला अमृतसर के साथ**
८ दिन, ६, १३, १८, २३ मई
२१,५००/- प्रत्येक,
३ टायर एसी रिजर्वेशन

**शिमला कुलू मनाली चंडीगढ़ के साथ**
१० दिन, १३, २१ मई,
२६,५००/- प्रत्येक
३ टायर एसी रिजर्वेशन

**लेह-लद्दाख-कश्मीर के साथ**
१२ दिन, २५ मई, ८ जून, २७ जुलाई, ४८,५००/- प्रत्येक,
मुंबई से जम्मू रेल यात्रा
लेह से दिल्ली विमान यात्रा
दिल्ली से मुंबई राजधानी एक्सप्रेस यात्रा

**चारधाम यात्रा**
हरिद्वार-ऋषिकेश के साथ
१३ दिन, २३ मई, ३, १३, २४ जून,
३ टायर एसी, ३३,५००/- प्रत्येक

**वैष्णोदेवी-कश्मीर**
अमृतसर के साथ
१३ दिन, २४ अप्रैल, ३, १२, २१ मई,
कन्फर्म्ड रिजर्वेशन,
३ टायर एसी,
३५,५००/- प्रत्येक

**नैनीताल-रानी खेत जिम कॉर्बेट कौसोनी-हरिद्वार के साथ**
१० दिन, २५ अप्रैल, २, ९ मई
३ टायर एसी, २५,५००/- प्रत्येक

**अयोध्या-वाराणसी प्रयागराज के साथ**
६ दिन, २, ९, १६, २३, ३० अगस्त
डीलक्स, ३ टायर एसी १३,५००/-,
इकोनॉमिक नॉन-एसी ८,५००/-

9820962500 / 9819453043

MUM2024B.2102452302

**चाहिए**

गोरेगाव पुर्व के लिए डिलिव्हरी बॉईज (बाईक होनेवाले) चाहिए। पगार 20000/ - से 25000/ - तक। संपर्क : 8169014720 MUM2024S.5502451490

पलावा डोंबिवली, दादर सिक्युरिटी गार्ड्स, ड्युटी 12 घंटा, पगार 12300/ - , संपर्क : ज्ञानेश्वर- 8433538361/ समीर - 9322507696, सॉफिस्टीका सोसायटी, एक्सपिरीया मॉल के सामने, पलावा, शिळफाटा रोड, डोंबिवली MUM2024B.2102451111

ड्रायव्हर, ऑफिस - बॉय, सिक्युरिटी गार्ड, हाउस - किपिंग, एम. आय. डी. सी. वर्कर, पेमेंट 20,000 (8 घंटे ड्युटी) (संडे छुट्टी) - 9527320810 MUM2024B.2102450051

रेस्टॉरंट के लिए इंडियन कुक और डिश वॉशर कि आवश्यकता है। संपर्क : 9967901000 MUM2024B.2102452238

खाना बनाने के लिए (ऑलराऊंडर) वेज कुक चाहिए घर के लिए। सुरत, गुजरात में। पगार - 25 से 30 हजार। संपर्क : 9892575886 MUM2024B.2102450315

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए पगार 24500 कल्याण ठाणे, एरोली कुर्ला 9967445104 MUM2024S.5502451529

गोरेगांव टुरिस्ट कारों के लिए अनुभवी ड्रायवर : 7738052900/ 9867344289 MUM2024B.2102431516

तुरंत भरती वॉर्डबॉय, आया, ड्रायवर, कूक. ठाणे, स्मित वृध्दाश्रम. : 9819376645 योजना घरत MUM2024B.2102452221

विरार ईस्ट में चाहिये वेल्डर, फिटर, गॅस कटर, ग्राइंडरमन. संपर्क करें : 8657227957 MUM2024B.2102452220

**यशोभूमि CLASSIFIED**
**8108110772**

ड्रायवर चाहिए ठाणे, डोंबिवली के लिए, पगार 15000/ - + OT +PF+ ESIC. संपर्क : 9594562296/ 8879937291 MUM2024B.2102451909

मुलुंड पेस्ट कंट्रोल के लिए ऑपरेटर चाहिए 9004885662 MUM2024S.5502451549

सिक्युरिटी -HK कं. चाहिए - सेल्स/ मार्केटिंग मॅनेजर, टेलीकॉलर, रिक्रुटमेंट ऑफिसर,ऑपरेशन/ एरिया मॅनेजर, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटीगार्ड, सुपरवायझर, हाऊसकिपिंग लडके/ लडकियां - 7208004613/ 14, 9223380568/ 69 MUM2024B.2102438032

BISLERI कंपनीको लड़के/ लड़कियाँ चाहिए पगार 17500 से 37000 रहना खाना फ्रि बोरीवली ( E ) 8779159987 MUM2024B.2102450877

**मिठाई कारीगर, हेल्पर, मोरीवाला चाहिए, रहना खाना फ्री, मो. : ओमस्वीट 8356000262.** MUM2024B.2102451162

घरकाम, बेबीकेअर, पेशन्टकेअर, लेडिज, वॉर्डबॉय चाहिए। संपर्क : 8452093693 MUM2024B.2102446018

गोरेगाव में ऑपरेटर फिमेल असिस्टंट डिलिव्हरी बॉईज चाहिए मोबाईल नंबर - 8055772679/ 9320176123 MUM2024S.5502451559

मुंबई/ दिल्लीमें घरकाम के लिए (24 घंटा ) बेबीकेअर / जापाबाई/ कुकींग के लिए (औरते/ लड़कियाँ ) चाहिए वेतन 18,000/ - से 42,000/ - संपर्क 9076326174/ 8291326173 MUM2024B.2102449984

बड़ी गाड़ी के लिए ड्राइवर चाहिए, रहने खानेकी सुविधा उपलब्ध, सांताक्रुज वेस्ट संपर्क 9820233775 MUM2024S.5502451637

सेफ सिक्युरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए रहने खाने कि सुविधा 9967766651 MUM2024B.2102439684

घरकाम केलिये महिलाये, लड़कियाँ, लड़के, युगल, नर्स, हॉटेल स्टाफ, जापामेड, वेटर, हेल्पर कूक रहना खाना फ्री 8976034958/ 8976034959 MUM2024S.5502451507

फ्री नौकरी! सुमित सेफ सिक्युरिटी प्रा. लि. गार्ड, सुपरवायझर्स चाहिए. रहने की सुविधा. (9930064005/ 9223290004/ 9769037229 मुलुंड) (9223290006/ 8369385552 ठाणे) (9699932999/ 9372264341/ 7506406654 - डोंबिवली) (9769758542 - वेस्टर्न ) (9223290222/ 9930064008 - पुणे) (8793182916/ 9082030524 - नागपुर) (7574064574 - वापी) MUM2024B.2102449627

न्यूमेटिक सिलेंडर प्रिसेशीयन का MM और Thav में काम करनेवाला कुर्ला इंडस्ट्रियल इस्टेट में प्रतिष्ठित कंपनी में 20 से 22 साल का अनुभव टर्नर, फिटर की जरुरत है। कार्य समय : 12 घंटे, वेतनमान : रु. 18000/ - से रु. 22000/ - तक, कोई आयु सीमा नही, संपर्क करें : 9222180158/ 8976276211, संपर्क समय : दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक MUM2024B.2102452176

कांजुरमार्ग में वॉचमन चाहिए। 12 घंटा, 11000, उम्र 55. मो. 7506852555 : डायनॅमिक सिक्युरिटी, भगवती अपार्टमेन्ट, नाहूर पूर्व. MUM2024B.2102452173

भिवंडी में प्रिंटिंग प्रेस के लिए आदमी चाहिए। संपर्क : 9619461598/ 9820262865 MUM2024B.2102449987

उबेर के लिये ड्रायव्हर चाहिये, कमाइए रु. 25000+ महिना, कॉल करो, एव्हरेस्ट फ्लीट: 9324914543 MUM2024S.5502451539

**जगह**

कल्याण पूर्व चाली में कम बजटमें खुदका घर 1RK : 3,75,000/-, 1BHK, 2BHK रुम उपलब्ध. संपर्क : 9619919113 MUM2024B.2102451917

शेलू में 1 RK ४ लाखमें चालीमें घर, स्टेशनसे 1KM दुरीपर, ७/१२ जगहपर. संपर्क : 7350040383 MUM2024S.5502444438

**कर्ज**

**पाठकों हेतु नियम सूचना**

''**दै. यशोभूमि**'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''**दै. यशोभूमि**'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''**दै. यशोभूमि**'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.

AUR2023SA002380443

**फिल्म**

बॉलीवुड में पोर्टफोलियो से फिल्मो, सिरियलो कास्टिंग को गाइडेन्सभी (कोई रजिस्ट्रेशन फॉर्म नही)- 9224455971 MUM2024B.2102436632

**निवेश**

START YOUR OWN BUSINESS JUST INVEST 1 LACS AND EARN 30,000 TO 5 LACS. 8369141305/ 8291488673 MUM2024B.2102446564

**ज्योतिष**

मुफ्त सलाह, कालीशक्तीके सम्राट, वशीकरण स्पेशालीस्ट, प्यार मे धोखा, प्यार जोडना तोडना, पतीपत्नी मतभेद, प्रेमविवाह, मुठकरणी. 8655095105, 8655092655 MUM2024B.2102439325

श्री मोहिनी ज्योतिष सभी समस्याओं का 7 घंटे में 101% रिजल्ट, मनचाहा प्यार, तलाक, शत्रुनाश, वशीकरण स्पेशालिस्ट गुरुजी, दादर. : 7728887743 MUM2024B.2102450773

फ्री सेवा! A TO Z स्पेशाः शत्रू लव्ह प्रॉ. सौतन वशीकरण.घाटकोपर -9257880955 PUN2024V.4302446172

कालभैरव ज्योतिष : 3 घंटे मे परिणाम प्यार मे धोखा, मनचाहा प्यार, तलाक, शत्रुनाश, मोहिनी स्पेशा., 501 में काम, अंधेरी - वेस्ट : 7737857877 MUM2024B.2102446535

**पाठकों को सूचना**

**विशेष सूचना**

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.

- प्रबंधक

AUR2023SA002380437

**क्लासिफाईड के लिए २ दिन पहले संपर्क करें**

**नियमित पढें यशोभूमि**

**क्लासिफाईड के लिए संपर्क**
**8108110772**

